ख) कंपनी पर 147 मिलियन अमरीकी डॉलर की राशि के एफसीएनआर कार्यशील पूंजीगत ऋण थे जिन्हें दिनांक 01/10/2011 से कार्यान्वित की गई वित्तीय पुनः संरचना योजना (एफआरपी) में मास्टर पुनः संरचना करार के अंतर्गत दीर्घ कालिक ऋणों में परिवर्तित कर दिया गया था। यद्यपि उपर्युक्त कार्यशील पूजीगत ऋण दीर्घ कालिक ऋणों में परिवर्तित कर दिए गए थे, फिर भी इन्हें दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा मौद्रिक मद तथा विनिमय अंतर नहीं माना गया और इन मदों की रिपोर्टिंग और निपटान पर उत्पन्न विनिमय दर में अंतर उस दर से अलग है जिस दर पर इन्हें पिछली वित्तीय विवरणियों में आरंभिक रूप में रिकॉर्ड और रिपोर्ट किया गया था, बल्कि लाभ एवं हानि विवरणी में इनकी पहचान की गई थी चूंकि ये ऋण दीर्घकालिक ऋणों में परिवर्तित कर दिए जाते हैं और दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा मद बन जाते हैं, एएस–11 के पैरा 46 ए के प्रावधानों और कंपनी द्वारा अपनाई गई लेखांकन नीति के अनुपालन में, कंपनी ने वर्ष के दौरान, इन ऋणों के विनिमय अंतर को अक्तूबर, 2011 से फौरेन करेंसी मॉनीटरी आइटम्स ट्रांसलेशन डिफरेंस अकाउंट (एफसीएमआईटीडीए) में लेखाबद्ध किया है। तद्नुसार 933.5 मिलियन रुपए की राशि ''पूर्व अवधि मद'' के क्रेडिट द्वारा एफसीएमआईटीडीए को हस्तांतरित कर दी गई और कंपनी द्वारा अपनाई गई लेखाकरण नीति के अनुसार परिशोधित की जा रही है।

ग) अपनाई जा रही प्रथा के अनुसार कंपनी विमानों के अर्जन से संबंधित ऋण के रूप में, दीर्घावधिक वित्त व्यवस्था/उनकी बिक्री किए जाने से पहले, मध्यवर्ती अवधि के दौरान विमानों के अर्जन हेतु लिए गए सेतुक ऋणों (अल्पकालिक ऋण) को संशोधित एएस–11 के अंतर्गत पूंजीबद्ध करने के उद्देश्य से दीर्घकालिक मदें मान रही है।

घ) कंपनी ने 31 मार्च, 2011 की अवधि के संबंध में कंपनी (लेखांकन मानक) संशोधन नियम, 2009 का चयन किया है, विनिमय अंतर को ऋण लागत पर लेखांकन मानक 16 के अनुच्छेद 4(ड.) के अनुसार अपेक्षित ब्याज लागत में समायोजित माना गया है जिसका अलग से निर्धारण नहीं किया गया है तथा जिसे संबंधित मूल्यह्रास हुई पूंजीगत परिसंपत्तियों की लागत में जोड़ा या घटाया गया है। प्रबंधन की राय में कंपनी के पास तुलनात्मक ब्याज दरें नहीं हैं तथा इन निधियों का स्रोत उपलब्ध नहीं है। उपरोक्त का सही प्रभाव निश्चित नहीं किया गया है।

ii) विदेशी मुद्रा ऋण की मूल राशि तथा स्थानीय मुद्रा ऋण पर ब्याज तथा विदेशी मुद्रा ऋण के अंतर को तथा लेखांकन नीति सं0 8(ii) में दर्शाए दीर्घावधिक मौद्रिक मदों के अलावा विदेशी मुद्रा ऋण की रिपोर्टिंग तथा निपटारे से पैदा हुए विनिमय अंतर को विदेशी मुद्रा हानि/लाभ में लेखाबद्ध तथा लाभ और हानि विवरण में प्रभारित किया जा रहा है। तथापि वर्ष के लिए हानि पर इसका कोई प्रभाव नहीं है।

iii) लेन–देन की जटिलताओं के कारण एएस–11 के प्रावधानों के अनुरूप विदेशी मुद्रा में मौद्रिक मदों के क्लोजिंग बैलेंस में कुछ राशि (सही राशि निश्चित नहीं है) सम्मिलित है जिसे एफईडीएआई दरों पर बदला नहीं गया है। इन बैलेंसों के बदले जाने का प्रभाव निश्चित नहीं है।

48- ok;nr vkj ,vj bfM;k fyfeVM dk foy;%

क) नागर विमानन मंत्रालय के दिनांक 25 मई, 1993 के आदेश सं.एवी.18013/44/92–एसीवीएल के अनुसार, वायुदूत का पूर्व इंडियन एयरलाइन्स लिमिटेड (अब एअर इंडिया लिमिटेड के साथ विलय किया जाना था। निगमित कार्य मंत्रालय ने अपने दिनांक 6/2/2014 के आदेश द्वारा दिनांक 01/04/2013 से अर्थात् विलय की नियत तिथि/प्रभावी तिथि से एअर इंडिया लिमिटेड के साथ वायुदूत के विलय के लिए अपनी सहमति प्रदान कर दी। एएस–14 के संबंध में विलय के लेखाकरण के लिए ब्याज की पूलिंग की विधि इस्तेमाल की गई है। वायुदूत लिमिटेड एअर इंडिया लिमिटेड की 100 प्रतिशत पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और दोनों ही एयरलाइन्स व्यवसाय में हैं। अतः वायुदूत के शेयर धारकों को शेयरों के आबंटन का कोई औचित्य नहीं है।

ख) विलय की योजना के संबंध में

i) नियत तिथि को हस्तांतरणकर्त्ता कंपनी की बहियों में दर्शाई गई समस्त परिसम्पत्तियां और देयताएं अधिकार में ले ली गई हैं और हस्तांतरिती कंपनी की बहियों में खाता मूल्य पर रिकॉर्ड कर ली गई हैं। डूबे हुए और संदिग्ध ऋणों के लिए किए गए प्रावधानों को घटाने के बाद देनदारों ने निवल को रिकॉर्ड कर लिया गया है। 2.8 मिलियन रुपए (सकल ब्लॉक में से मूल्यह्रास कम करके) निवल मूल्य पर अधिकार में ली गई स्थिर परिसम्पत्तियां मरम्मत एवं अनुरक्षण खाते के बट्टे खाते में डाल दी गई हैं। अधिकार में ली गई राशि जिसमें 35.5 मिलियन रुपए का पूंजी रक्षित शेष, 2581.8 मिलियन रुपए का रिज़र्व एवं अधिशेष का नकारात्मक शेष, जिसमें विभिन्न खाता हैड पर वायुदूत द्वारा देय राशि के 963.0 मिलियन रुपए (एआई बहियों के अनुसार वायुदूत द्वारा देय राशि के 668.5 मिलियन रुपए का समायोजन करने के बाद) सम्मिलित हैं, को समायोजित कर दिया गया है। वायुदूत में एअर इंडिया निवेश से मेल न खाने वाली 182.1 मिलियन रुपए की शेयर पूंजी

भी समायोजित कर दी गई है। इन सभी समायोजनों के बाद 1436.7 मिलियन रुपए के निवल शेष को एअर इंडिया लिमिटेड की संचित हानियों में जोड़ दिया गया है। इसके अतिरिक्त लेनदारों के 467.2 मिलियन रुपए और देनदारों के 12.7 मिलियन रुपए की राशि के बकाया को अब देय/वसूली–योग्य नहीं माना गया है और 454.5 मिलियन रुपए का निवल प्रभाव डालते हुए उसे लाभ एवं हानि खाते में पुनरांकित/बट्टे खाते में डाल दिया गया है।

ii) विभिन्न हैड के अंतर्गत वायुदूत की ओर से देय राशि तथा एअर इंडिया लिमिटेड की बहियों में निवेश के 950.6 मिलियन रुपए की राशि जिसे एअर इंडिया लिमिटेड की बहियों में पहले संदिग्ध के रूप में दर्शाया गया है, प्रावधान की आवश्यकता न समझे जाने पर, लाभ एवं हानि खाते में पुनरांकित कर दिया गया है।

49- कंपनी गैर–विमान सामग्री की खपत तथा स्क्रैप विक्रय के लिए पर्याप्त रिकार्डों को मेन्टेन करने की प्रक्रिया में है। इस प्रकार प्राप्त स्क्रैप विक्रय/उपभोग रिपोर्टों के आधार पर इनका लेखा–जोखा रखा जा रहा है।

50- अग्रदाय के लेखाकरण सहित स्टेशनों के लेन–देन के संबंध में स्टेशनों में आंतरिक नियंत्रण में सुधार प्रगति पर है। सामग्री को जारी करने/ग्रैन को तैयार करने, सामग्री आदि को उधार लेने, कंपनी के भीतर वस्तुओं की आवाजाही के संबंध में भंडार में आंतरिक नियंत्रणों को, जहां भी आवश्यक हों, उन्हें और अधिक सुदृढ़ करने के लिए समीक्षा की जा रही है।

51- आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग कंपनी में आंतरिक लेखा परीक्षा प्रक्रिया को सुदृढ़ करने की प्रक्रिया में है ताकि न्यूनतम लेखा परीक्षा कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों को सम्मिलित करने पर विचार किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा स्टेशनों, क्षेत्रीय कार्यालयों, प्रयोगकर्ता विभागों एवं केन्द्रीय लेखा कार्यालय में प्रभावी आंतरिक नियंत्रण सुनिश्चित किए जाएं। वर्ष की कार्यावधि के दौरान कंपनी ने आंतरिक नियंत्रण की जांच करने और इनवेंटरी, ईंधन, राजस्व और केटरिंग जैसे क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट निष्पादन का बेंचमार्क बनाने के लिए बाहरी परामर्शदाता को नियुक्त किया है। इनवेंटरी के मामले को छोड़कर ये समीक्षाएं पूरी की जा रही हैं और यदि कोई जरूरत हुई तो इन समीक्षाओं के पूरा होने पर इनके आधार पर आवश्यक लेखाकरण कार्रवाई की जाएगी।

52- प्रतिपूर्ति के लिए कर्मचारियों से प्राप्त चिकित्सा, शैक्षिक तथा अन्य दावे, बिना वेतन अवकाश, आपूर्तिदाता/अन्य पार्टियों से प्राप्त ब्याज के दावों की अनिश्चितता के कारण नकद आधार पर गणना की जाती है। अन्य स्टाफ दावे, गुम सामान दावे की पहचान नकद आधार पर की जाती है। आयटा देय राशि के लिए देय राशि की देयता, व्यय की देयताएं तथा निर्माता क्रेडिट से प्राप्त दावों/इनवॉयस की पहचान की जाती है।

53- _.k rFkk vfxze ¼nh?kZdkfyd rFkk vYidkfyd½] vU; ifjlEifÙk;k¡ ¼pkyw@xSj pkyw½

क) लगातार अपनाई जा रही प्रक्रिया का पालन करते हुए विमानन बीमा प्रीमियम का भुगतान प्रारंभ में अस्थायी आधार पर आकलित यात्री गणना/प्रस्थान गणना/कल–पुर्जो के उपभोग के आधार पर किया जाता है। वास्तविक गणना/वास्तविक उपभोग के संदर्भ में समायोजन अंतिम गणना के समय किया जाता है। बीमा कंपनियों से प्राप्त होने वाली 377.13 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष 439.0 मिलियन रुपए) की लागू सेवा कर सहित जमा राशि प्रीमियम, पुष्टि तथा समाधान के अधीन है।

ख) आय कर निर्धारण/अपील जिसमें कुल 885.8 मिलियन रुपयों (पिछले वर्ष 424.3 मिलियन रुपए) की विवादित मांगें विभिन्न स्तरों पर लंबित हैं, के संबंध में कंपनी आशावान है कि मामलों का निर्णय उसके पक्ष में होगा, अतः इनका उल्लेख आकस्मिक देयता के रूप में किया गया है। कंपनी ने विभिन्न निर्धारण वर्षों में कुछ 308.9 मिलियन रुपयों (पिछले वर्ष 308.9 मिलियन रुपए) के अस्वीकृत टीडीएस क्रेडिट को प्राप्त करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए हैं तथा कंपनी को इस संबंध में राहत मिलने की आशा है।

ग) बाहरी पार्टियों द्वारा स्रोत पर टीडीएस कटौती के संबंध में आयकर डाटा बेस (फार्म सं.26 ए एस) के साथ समाधान तथा टीडीएस प्रमाण पत्रों की अनुवर्ती कार्यवाही प्रगति पर है। तब तक के लिए इन्हें वसूली हेतु उचित माना गया है।

घ) कंपनी ने कुछ प्राप्यों तथा देयों के शेष का पुष्टिकरण मांगा है। तथापि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के अतिरिक्त, अधिकतर मामलों में पार्टियों ने उत्तर नहीं दिया। जहां भी पार्टियों द्वारा पुष्टिकृत शेष अनुबंध में नहीं है वहां पुनः समाधान की प्रक्रिया जारी है तथा परिणामी समायोजन का प्रभाव निश्चित नहीं है। प्रबंध वर्ग संबंधित पार्टियों को शेषों के पुष्टिकरण पत्रों को भेजने की प्रक्रिया को सरल और कारगर बना रहा है।

ङ.) प्राप्यों/देयों के शेषों में बेमेल क्रेडिटों/डेबिटों की कुछ मदें सम्मिलित हैं और उपयुक्त मिलान और समाधान हेतु लंबित होने के कारण इन्हें बही खातों के शेषों में दर्शाया गया है। उपर्युक्त के परिणामस्वरूप प्राप्त ट्रेड की एजिंग का संकलन करते समय ऐसे बेमेल क्रेडिट जिनका डेबिट बकाया से मिलान नहीं है तथा देनदारों के खाते में शेष का समाधान प्रगति पर है। इन मदों के खुलासे का प्रभाव तथा कंपनी की लेखाकरण नीति के अनुसार आकलित अनिश्चित ऋण के प्रावधान का निर्धारण नहीं किया जा सकता।

च) "नगदी अथवा वस्तु के रूप में वसूली योग्य अग्रिमों में" दिनांक 31 मार्च, 2014 को अंतर–कार्यालय खाते में उन्हें प्रदान की गई निवल शेष के 11.5 मिलियन रुपए (पिछले वर्षः 10.5 मिलियन रुपए) की राशि भी सम्मिलित है। उक्त शेष में दर्शाए गए समस्त डेबिटों और समस्त क्रेडिटों के संक्षिप्त विवरण संकलित किए जा रहे हैं। इस संबंध में आवश्यक लेखाकरण समायोजन, यदि कोई हो, तो उसे यथासमय कर लिया जाएगा।

छ) कंपनी ने वर्ष 2007 और 2010 के बीच 9.975 मिलियन यूरो जोकि 639.4 मिलियन रुपए के बराबर हैं, प्रवेश शुल्क के रूप में सीधे सदस्य एयरलाइन्स के खाते में भुगतान किए थे जिसे वसूली योग्य अग्रिम माना जा रहा है। कंपनी ने जरूरी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद दिनांक 11 जुलाई, 2014 को औपचारिक रूप से स्टार एलायंस को ज्वाइन कर लिया है। प्रबंध वर्ग की राय में, स्टार एलायंस सदस्यों को प्रदत्त लाभ एवं राशि के कुछ समय बाद प्राप्त होने की आशा है। आवश्यक लेखाकरण कार्यवाही वर्ष 2014–15 में की जाएगी क्योंकि कंपनी ने 2014–15 में ही स्टार एलायंस ज्वाइन किया है।

54- uxnh vkj cSd 'k"k

नगदी शेष रखने वाले अधिकारियों को छोड़कर अन्य अधिकारियों के माध्यम से प्रत्यक्ष जांच के अंतर्गत सम्पूर्ण नगदी शेष को सम्मिलित करने के लिए कैश इन हैंड और चैक इन हैंड की वर्ष के अंत में की जाने वाली प्रत्यक्ष जांच की प्रक्रिया की समीक्षा की जा रही है। कुछ बैंक शेष पुष्टिकरण एवं मिलान के अधीन हैं। आंतरिक लेखा परीक्षा प्रभाग भी इस संबंध में अनुकूल तंत्र को विकसित करने की प्रक्रिया में लगा हुआ है।

55- pkyw nk;rk,a

क) इनपुट क्रेडिट सहित सेवा कर प्राप्त किया जाना शेष है तथा स्रोत पर काटा गया कर (टीडीएस), आयकर के संबंध में धनवापसी प्राप्त की जानी शेष है, वैट, कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), कर्मचारी राज्य बीमा योजना (ईएसआईएस), व्यवसाय कर और एयरपोर्ट कर के खातों का मिलान फाईल किए गए रिटर्न/सांविधिक रिकार्डों के अनुसार किया जा रहा है।

ख) गैर कर योग्य सेवाओं के लिए सेनवैट क्रेडिट के प्रत्यावर्तन की गणना अनुमानित आधार पर की जा रही है और गैर प्राप्य इनपुट क्रेडिट को संबंधित व्यय के भुगतान के समय राजस्व के खर्चे में लिख दिया जाता है। इस संबंध में सही रकम का पता लगाया जा रहा है। उसके पश्चात् आवश्यक समायोजन कर लिए जाएंगे।

ग) दिनांक 31 मार्च, 2014 को पीएसयू ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के पास शेष राशि की पुष्टि कर दी गई है तथापि इसमें 2014.6 मिलियन रुपए (क्रेडिट) (निवल) का अंतर है जिसका मिलान किया जा रहा है। आवश्यक लेखाकरण कार्यवाही उचित समय पर कर ली जाएगी। अन्य ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के संबंध में शेष पुष्टिकरण पुष्टि एवं उसके बाद यदि आवश्यक हुआ तो, मिलान के अधीन है।

घ) ऑयल कंपनियों को विलंबित भुगतान प्रभार के रूप में प्रदत्त/देय 2373.1 मिलियन रुपए (पिछले वर्षः 3038.3 मिलियन रुपए) और टीडीएस/सेवाकर के विलंबित भुगतान पर ब्याज के 514.6 मिलियन रुपए (पिछले वर्षः 659.3 मिलियन रुपए) की राशि ''वित्तीय लागत'' के अंतर्गत जोड़ दी गई है। इस संबंध में अपनाई गई प्रक्रिया के अनुसार टीडीएस की देयता की पहचान नहीं की गई है।

ड.) दिनांक 31.03.2014 की स्थिति के अनुसार कंपनी के बही खातों में 3491.0 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष 2414.6 मिलियन रुपए) की राशि का सेवा कर बकाया है जिसका समाधान किया जा रहा है। तथापि सेवा कर रिकार्ड के अनुसार 1937.1 मिलियन रुपए (पिछले वर्षः 1853.9 मिलियन रुपए) के बकायों पर 863.8 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष 586.2 मिलियन रुपए) के ब्याज का भुगतान किया गया है। देय जुर्माना, यदि कोई है, को निश्चित नहीं किया गया है। दिनांक 31.03.2014 को सेवा कर देयता के 1548.4 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष 691.7 मिलियन रुपए) की राशि छह महीने से अधिक समय से बकाया है जिसका भुगतान तुलन पत्र की तिथि के बाद कर दिया गया है।

च) 31.03.14 की स्थिति के अनुसार ब्याज सहित कंपनी की 2552.2 मिलियन रुपयों (पिछले वर्ष 2165.9 मिलियन रुपए) (पिछले वर्षः 229.9 मिलियन रुपए) की राशि की टीडीएस देयता बकाया है। बैलेंस शीट की तिथि के अनुसार उपरोक्त में से 139.2 मिलियन रुपयों की राशि छह महीनों से अधिक समय से बकाया है। बैलेंस शीट की तिथि के बाद 2268.1 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष 2026.8 मिलियन रुपए) की राशि का भुगतान कर दिया गया है। कुछ मामलों में, टीडीएस देयता, बिलों का भुगतान कर दिए जाने पर ही स्वीकार की जाती है और यदि टीडीएस, यदि कोई हो, 31.03.2014 की स्थिति के अनुसार छह महीने से अधिक समय से अदा किया जाना शेष हो तो, ऐसी देयता के उपार्जन के संबंध में निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता।

छ) फ्रीक्वेंट फ्लायर प्रोग्राम की 103.6 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष 145.9 मिलियन रुपए) की देयता बाहरी सर्विस प्रदाता द्वारा अनुमानित/तदर्थ संगणना, उपार्जित माइल्स का सदस्यवार लंबित विवरण जोकि संकलन और आवश्यक मिलान के अधीन है, के आधार पर प्रदान की गई है। इस संबंध में आवश्यक लेखा समायोजन उचित समय पर कर दिया जाएगा।

ज) वरीयता एजेंट कार्यक्रम तथा कॉरपोरेट प्रोत्साहन राशि के 686.7 मिलियन रुपए (पिछले वर्षः 631.3 मिलियन रुपए) का प्रावधान संबंधित प्रयोक्ता विभाग से डाटा प्राप्त न होने और कॉरपोरेट/एजेंटवार विवरण प्राप्त न होने के कारण तदर्थ आधार पर किया गया है। प्रबंधवर्ग इस संबंध में देयता से संबंधित डाटा एकत्र (संकलित) करने के कदम उठा रहा है और यदि जरूरी हुआ तो आवश्यक लेखा समायोजन उचित समय पर कर लिया जाएगा। परिवहन सेवा संविदा के खाते, जिसमें विक्रेता (वेंडर) द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के एवज़ में पैसेज टिकटों के मुद्दे पर विचार किया जाता है, का भी मिलान किया जा रहा है।

झ) विभिन्न विक्रेताओं/सेवा प्रदाताओं द्वारा जारी किए गए बिलों का लेखांकन/भुगतान तभी किया जाता है जब संबंधित विभिन्न प्रचालन विभागों द्वारा ऐसे बिलों में कटौती कर ली जाती है। एएआई/डायल/मायल अन्य विक्रेताओं द्वारा इन कटौतियों की पुष्टि नहीं की जाती है और इस प्रकार इन बिलों को समाप्त नहीं कहा जा सकता। इस संबंध में खातों में कोई देयता/आकस्मिक देयता नहीं दर्शाई गई है क्योंकि इनका पता लगाया जाना अभी शेष है।

ञ) लीगेसी में मेंटेन किए गए इनवेंटरी रिकार्डों के संबंध में इनवेंटरी से संबंधित वेंडर खाते हस्तान्तरण की तिथि तक लीगेसी अकाउंटिंग सिस्टम में मेंटेन किए गए थे। संचित शेषों को खातों के हस्तान्तरण के दौरान बाद में सैप में हस्तान्तरित कर दिया गया। लीगेसी साफ्टवेयर के अनुसार ये शेष सैप में स्थानांतरित किए गए शेषों से पूरी तरह से मेल नहीं खाते तथा इनवेंटरी से संबंधित इन खातों का सैप और रैमको में स्थानांतरण किए जाने के बाद मिलान किया जा रहा है। राशियों में अंतर का वास्तविक प्रभाव पता नहीं लग पाया है। विभिन्न वेंडर खातों और इनवेंटरी खातों (ओएसिस से संबंधित) से संबंधित अन्य संबद्ध खाता शीर्षों का आवश्यक लेखांकन समाधान किया जाना है जिसे यथासमय करा लिया जाएगा।

56- वर्ष के दौरान सांविधिक देयताओं जैसे स्रोत पर काटा गया कर, पीएफ/ईएसआई आदि के भुगतान में कुछ विलंब हुआ। इस प्रकार के विलंबों के लिए ब्याज का भुगतान किया गया।

57- तुलन पत्र की तिथि के बाद कोलकाता में किसी एजेंसी के माध्यम से नियुक्त अस्थाई कर्मचारी के साथ मिलकर एक सेवानिवृत्त कर्मचारी द्वारा कंपनी की निधियों के दुर्विनियोजन की एक घटना का पता चला है। मामला बाहरी एजेंसियों की जांच के अधीन है। सतर्कता विभाग द्वारा 8.6 मिलियन रुपए (पहचान की गई सीमा तक) की राशि की धोखाधड़ी का पता लगाया गया है। धोखाधड़ी की राशि को 2011–12 से आरंभ करते हुए संबंधित वर्षों के संगत व्यय शीर्ष के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है। जांच–पड़ताल पूरी होने के बाद उपर्युक्त के लिए लेखाकरण कार्यवाही कर ली जाएगी।

58- कंपनी को सिडनी स्टेशन पर दिनांक 31 मार्च, 14 को वास्तविक शेष और खाता शेष के बीच 147,061.97 एयूडी, जोकि 8.4 मिलियन रुपए के बराबर है, की कमी/अंतर का पता चला है। यह अंतर स्टेशन पर तैनात कर्मचारी द्वारा उपयुक्त लेखाकरण रिकार्डों को मेंटेन करने की कमी के कारण हुआ है, क्योकि उसने कोई नोटिस दिए बिना कंपनी छोड़ दी है। कंपनी को आरंभिक सत्यापन के बाद उपर्युक्त राशि का पता चला है जोकि रसीदों (बेचे गए टिकटों सहित) के संबंध में सभी मूल सहायक रिकार्डों और स्टेशन पर हुए व्यय और मिलान के अधीन है। इस संबंध में आवश्यक लेखांकन समायोजन उचित समय पर कर दिए जाएंगे। 8.4 मिलियन रुपए के बराबर 147,061.97 एयूडी की अंतर राशि पहले ही बही–खाते में दर्शा दी गई है।

59- सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अनुसार सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा चुनिंदा विदेशी स्टेशनों और कुछ घरेलू लोकेशनों के रिकॉर्डों की समीक्षा की गई थी। तथापि इन स्टेशनों से प्राप्त संक्षिप्त विवरण के आधार पर पता चला है कि कुछ स्टेशनों पर लेखाकरण प्रविष्टियां सैप में की गई हैं और ये वर्ष के दौरान हुई आंतरिक लेखा परीक्षा के अंतर्गत नहीं आते हैं। प्रबंध वर्ग द्वारा इन स्टेशनों पर आंतरिक नियंत्रणों की समीक्षा की जा रही है।

60- jktLo lcaèkh ekey%

क) राजस्व लेखाकरण डाटा प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए कंपनी के पास एक बाहरी सेवा प्रदाता है और राजस्व लेखा से संबंधित लेखांकन प्रविष्टियां उसी सेवा प्रदाता द्वारा सैप लेखांकन प्रणाली में जोड़ी जाती हैं। वर्ष के दौरान टिकट विक्रय की डाटा प्रविष्टि/प्रक्रिया, धन वापसी, कमीशन, एजेंटों को देय छूटों/प्रोत्साहनों और अन्य संबद्ध खातों में विसंगतियां देखी गईं। प्रबंध वर्ग ने सेवा प्रदाता के परामर्श से इनमें से अधिकांश विसंगतियों को संशोधित कर लिया है। राजस्व में दर्शाई गई शेष विसंगतियों, यदि कोई हो, को संशोधित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं कि सेवा प्रदाता द्वारा पास की जा रही प्रविष्टियों के लिए उनके स्थान पर वैधीकरण की प्रक्रिया ला दी गई है। 141,507.3 मिलियन रुपए के यात्री राजस्व के शेष, यदि कोई हैं, में लेखांकन के समायोजन आवश्यकतानुसार उचित समय पर कर दिए जाएंगे।

ख) कंपनी वर्ष के दौरान यात्रियों द्वारा की गई यात्रा के आधार पर राजस्व की गणना करती है और यात्रा नही की गई टिकटों के बकाये को वर्ष के अंत में देयता के रूप में दर्शाया जाता है। वर्ष के अंत में, पैक्स क्रेडिट सेल्स (मध्यवर्ती खाता), जो स्वीकृत अधिशेष राजस्व को दर्शाता है अथवा जिसमें यात्रा न की गई टिकटों की स्वीकृत अधिशेष देयता

भी हो सकती है, के अंतर्गत 500.7 मिलियन रुपए (डीआर) का बकाया है; चूंकि सूक्ष्म लेखाकरण कार्यवाही के लिए खाते का मिलान किया जा रहा है, इसलिए ऐसे बकाये के लिए कोई प्रावधान करना जरूरी नहीं समझा गया है और आवश्यक लेखाकरण समायोजन उचित समय पर कर दिए जाएंगे।

ग) वर्ष के दौरान देखी गई विभिन्न खामियों के दृष्टिगत, कंपनी, राजस्व लेखांकन प्रणाली को मजबूत करने की प्रक्रिया में है। टिकट–वार/यात्रीवार डाटा के संबंध में, वर्ष के दौरान वास्तविक रूप से यात्रा कर चुके यात्रियों से संबंधित डाटा का मिलान, सरकारी करों, वर्ष के अंत में यात्रा न की गई टिकटों की देयता सहित विभिन्न राजस्व संबंधी खातों का मिलान प्रक्रियाधीन है अतः आउटसोर्स किए हुए सेवा प्रदाता द्वारा प्रोसेस किए गए फ्लोन डाटा की सीमा तक राजस्व की पहचान की गई है। इसके यथार्थ प्रभाव का पता नहीं लगाया जा सका है।

घ) पूर्व जीएसए की ओर से 145.7 मिलियन रुपए की देयता क्रेडिट अवधि के बाद भी बकाया है और विदेशी स्टेशनों पर जीएसए की ओर से 46.3 मिलियन रुपए की राशि विवादास्पद है तथा वसूली योग्य राशि के संबंध में कोई पुष्टि उपलब्ध नहीं है। चूंकि संबंधित एजेंटों के साथ इन पर अनुवर्ती कार्रवाई की जा रही है, अतः कोई प्रावधान आवश्यक नहीं समझा गया है।

ड.) 8754.0 मिलियन रुपए की अन्य वर्तमान परिसम्पत्तियों में एअर इंडिया बिल्डिंग के विभिन्न किराएदारों, जो 3 वर्षों से अधिक पुराने हैं और जिन्हें आरंभिक वर्षों में यह संपत्ति किराए पर दे दी गई थी, की ओर से देयों से संबंधित 370.2 मिलियन रुपए की राशि भी सम्मिलित है। कंपनी के पक्ष में सुनाए गए मध्यस्थता पंचाटों/न्यायालय अधिनिर्णयों और अनुकूल समझौतों के आधार पर, इन मामलों में प्रावधान वर्ष 2012–13 में पुनरांकित कर दिए गए हैं और अब ये वसूली योग्य माने जा रहे हैं।

च) वर्ष के दौरान कंपनी ने यात्रियों के संबंध में अलिखित विक्रय के लिए 4.7 मिलियन रुपए (पिछले वर्षः 12.5 मिलियन रुपए) तथा कार्गो के संबंध में 100.0 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष : 95.0 रुपए) का प्रावधान किया है, जिसके लिए राजस्व का निर्धारण वहन के आधार पर किया गया था, जबकि प्राप्यों के लेखाकरण के संबंध में संबंधित स्टेशनों से विवरण प्राप्त होना शेष है। ऐसी सूचना के लंबित होने के कारण, इन प्राप्यों हेतु, उपलब्ध डाटा की सीमा तक, खातों में प्रावधान कर दिया गया है। इस संबंध में आवश्यक लेखांकन कार्यवाही उचित समय पर कर दी जाएगी।

छ) प्राप्त हुए अनंतिम आंकड़ों के आधार पर दिए गए लेखों के अनुसार प्रचालन राजस्व में एअर इंडिया चार्टर लिमिटेड (एआईसीएल) से प्राप्त राजस्व शेयरिंग के 2910.8 मिलियन रुपए (पिछले वर्षः 2227.0 मिलियन रुपए) की राशि भी सम्मिलित है। लेखा परीक्षित शेषों का पुष्टिकरण एवं मिलान लंबित है।

61- dkxk@Mkd jktLo

क) कार्गो विक्रय शेष में 1074.4 मिलियन रुपए का अंतर है। स्टेशनों पर विक्रय डाटा में उपलब्ध राशि और ऑउटसोर्स किए गए सेवा प्रदाता से प्राप्त डाटा में मिलान न होने के कारण यह अन्तर है। उक्त का मिलान किया जा रहा है और आवश्यक लेखांकन कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इसके अतिरिक्त कार्गो विक्रय पर ऐजेंटों को भुगतान किया गया कमीशन और कार्गो से संबंधित अन्य खातों का भी मिलान किया जा रहा है तथा मिलान के बाद वित्तीय विवरणी पर इसके प्रभाव को लेखाबद्ध किया जाएगा। मैनुअल एयर वे बिल जारी करने के मुद्दे के संबंध में, स्टेशनों पर आंतरिक नियंत्रण मजबूत किए जा रहे हैं।

ख) वित्त मंत्रालय द्वारा दिए गए अवार्ड के आधार पर कंपनी घरेलू प्रचालनों के संबंध में डाक राजस्व की पहचान रही है। मंत्रालय द्वारा केवल वर्ष 2009–10 तक की अवधि के लिए ही डाक दरों को अंतिम रूप दिया गया है। वर्ष 2010–11 के लिए वित्त मंत्रालय ने 30.57 रुपए प्रति टी के एम की डाक दर स्वीकृत की है। कंपनी डाक विभाग को इस दर पर बिल देने में सफल नहीं हो पाई है, क्योंकि उन्होंने वित्त मंत्रालय से इसकी समीक्षा करने का अनुरोध किया है। समीक्षा के परिणाम प्राप्त हो जाने तक डाक राजस्व की बिलिंग और लेखाकरण 29.92 रुपए प्रति टी के एम की पुरानी दरों पर किया जा रहा है। दिनांक 31 मार्च, 2014 को डाक विभाग पर चालू बकाया 1105.70 मिलियन रुपए है।

62- buoVjh

i) कंपनी की विमान इनवेंटरी को वर्ष 2012–13 के दौरान रैमको द्वारा विकसित की गई ईआरपी पैकेज में हस्तान्तरित कर दिया गया है। इसमें 3290.3 मिलियन रुपए की इनवेंटरी सम्मिलित नहीं है जिसे अब भी पुराने सिस्टम में मेंटेन किया जा रहा है जिसमें से 2595.6 मिलियन रुपए की अचल इनवेंटरी की व्यवस्था कर ली गई है।

ii) वर्ष 2012–13 में स्थानांतरण प्रक्रिया के दौरान, इनवेंटरी का कोई प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया और हस्तान्तरण पुराने सिस्टम/मैनुअल रिकॉर्डों अथवा विभिन्न लोकेशनों पर एकत्रित डाटा से संबद्ध अंतिम रिपोर्टों के आधार पर किया गया। रैमको सिस्टम में हस्तान्तरित की गई मात्राओं और मूल्यों के दस्तावेजी आधार, मुख्य रूप से गैर सर्विस योग्य मदों की इनवेंटरी के मामले में, शीघ्रता से उपलब्ध नहीं थे। हस्तांतरित इनवेंटरी का प्रत्यक्ष सत्यापन पूरा कर लिया गया है और पाई गई विसंगतियां सत्यापन के अधीन हैं जिनका लेखांकन समायोजन उचित प्रक्रिया के बाद किया जाना

शेष है। रैमको डाटा बेस के सैप में शेषों का मिलान किया जा रहा है। इस समय इसके वित्तीय प्रभाव सुनिश्चित नहीं किए जा सकते। प्रक्रिया की डाटा स्थानांतरण जांच भी कराई जाएगी और यदि कोई विसंगति हुई तो वह उचित समय पर समायोजित कर ली जाएगी। लेखों में स्थानांतरण के दौरान मिलान नहीं हुए अंतरों के 353.9 मिलियन रुपए का प्रावधान किया गया था जिसे अब उलट दिया गया है।

iii) वर्ष 2012–13 में हस्तांतरण की प्रक्रिया के दौरान, गैर सर्विस योग्य इनवेंटरी के संबंध में जहां लागू भारित औसत लागत यथासमय उपलब्ध नहीं थी, वहां, इन मामलों में, मूल्यांकन दरें नवीनतम उपलब्ध भारित औसत दरों/कैटलॉग मूल्य के अनुसार ली गई थीं। कुछ मामले ऐसे भी हैं जिनमें बिना लागत की मदों (एफओसी) केनीब्लाइज मदों तथा विमान के साथ प्राप्त की गई इनवेंटरी का भी मूल्य निर्धारित किया गया है और उपरोक्त मूल्य पर उन्हें इनवेंटरी में ले लिया गया है। तथापि, इस समय उक्त की सटीक मात्रा नहीं बताई जा सकती। ऐसी मदें जहां दरें/मात्रा अभी संशोधित की जानी शेष हैं, उनकी भी पहचान की जा रही है और सुधारात्मक कार्रवाई यथासमय की जाएगी। वर्ष 2012–13 के दौरान 577.6 मिलियन रुपए का प्रावधान किया गया था। वर्ष के दौरान, 61.5 मिलियन रुपए की सीमा तक सुधारात्मक कार्रवाई की गई है और संशोधित की जाने वाली शेष विसंगतियों के लिए 200 मिलियन रुपए का तदर्थ प्रावधान खातों में किया गया है। इसका वास्तविक प्रभाव निश्चित नहीं किया जा सकता।

iv) निर्धारित लेखाकरण नीति का अनुपालन करने के संबंध में कंपनी द्वारा अपनाई गई लेखांकन कार्यवाही के अनुसार, जारी की गई मरम्मत योग्य मदें कार्य आदेश की समाप्ति के समय उपभोग खाते से घटा दी जाती हैं जबकि जारी की गई सामग्री में से वापस प्राप्त किए गए पार्ट्स इनवेंटरी में वापस ले लिए जाते हैं। अपनाई गई कार्यवाही के बाद कुछ गैर सर्विस योग्य पार्ट्स ऐसे हैं जो इनवेंट्री के रूप में वहन किए जा रहे हैं और नवीनतम भारित औसत लागत पर मूल्यांकित किए गए हैं। प्रक्रिया जारी होने के कारण उपभोग के लिए प्रभारित मदों/मूल्यों का मिलान करना और उन्हें वापस लेना संभव नहीं है। भारित औसत में बदलाव और सामग्री को जारी करने एवं उसे इनवेंटरी में वापस लेने के बीच समयान्तर के कारण उत्पन्न अंतर लेन–देनों की भारी मात्रा के कारण निश्चित नहीं किया गया है। संबंधित लेखांकन कार्रवाई करते समय इन्हें समायोजित कर दिया जाता है। वर्ष के अंत में, इसका वास्तविक प्रभाव निर्धारित नहीं किया गया है।

v) प्रत्यक्ष उपलब्धता और विभिन्न प्रयोक्ताओं से प्राप्त इनपुटों के आधार पर वर्ष के दौरान कुल 1181.1 मिलियन रुपए की इनवेंटरी रेमको में और हस्तांतरित की गई। यद्यपि प्रत्यक्ष उपलब्धता को प्रमाणित करने के लिए सहायक रिकॉर्ड मेंटेन नहीं किए जाते, इसीलिए उपलब्ध नहीं हैं। इन मदों के संबंध मे प्रावधान, यदि आवश्यक हुआ तो, मिलान के समय कर दिया जाएगा।

vi) वर्ष 2012–13 में हस्तांतरण प्रक्रिया के दौरान, कुछ विमान रोटेबल्स भी रैमको सिस्टम में अपलोड किए गए थे और भारित औसत लागत/केटलॉग मूल्य पर इनवेंटरी में वहन किए गए थे। वर्ष समाप्त होने के बाद, प्रबंधवर्ग द्वारा सुधार कार्यवाही की गई है और 5395.5 मिलियन रुपए की सीमा तक इन मदों की पहचान की गई है जिसके एवज में इनवेंटरी मिलान हेतु 5375.8 मिलियन रुपए की सीमा तक प्रावधान किया गया है। इनवेंटरी में सम्मिलित किए गए रोटेबल्स के लिए आवश्यक प्रावधान/लेखांकन यथासमय किया जाएगा।

vii) हस्तांतरित इनवेंटरी में कुल 2112.2 मिलियन रुपए की मदें भी सम्मिलित हैं जिन्हें विसंगतियों के कारण 10.2 मिलियन रुपए पर मूल्यांकित किया जाना था और इसीलिए इनवेंटरी समाधान हेतु खातों में 2102.0 मिलियन रुपए की अंतर की राशि का प्रावधान किया गया है।

viii) वर्ष के अंत में इनवेंटरियों में ''कार्य आदेश सस्पेंस अंतरिक/बाहरी'' के तहत इन–हाउस मरम्मत कार्यों के लिए शेष भी सम्मिलित है। उक्त में जारी की गई सामग्री और वर्ष के अंत तक समापन तिथि को समाप्त/पूर्ण किए गए/पूर्व–बंद/रद्द किए गए कार्य आदेशों के संबंध में जारी किए गए 3532.4 मिलियन रुपए (जिस सीमा तक पहचान किए गए हैं) का शेष सम्मिलित है, जो समायोजित नहीं किया गया। इन मदों को रेमको सिस्टम में अपनाई गई लेखांकन प्रक्रिया के अनुसार सामग्री/रिपेयर्स के उपभोग के रूप में लेखाबद्ध किया जाना है। उपर्युक्त के अतिरिक्त आदेश सस्पेंस खाते में 879.5 मिलियन रुपए की एक्सपेंडेबल मदें सम्मिलित हैं जिन्हें निर्गम होने पर उपभोग हेतु, चार्ज ऑफ किया जाना है। उपर्युक्त में से 498.5 मिलियन रुपए का प्रावधान किया गया है और रेमको सिस्टम में कार्य आदेशों के बंद होते ही शेष मदों का लेखांकन कर दिया जाएगा।

ix) इनवेंटरी शेषों के मिलान/परिशोधन के लंबित होने के कारण विभिन्न मध्यवर्ती हैड के अंतर्गत रखे गए कुल 1485.1 मिलियन रुपए के इनवेंटरी शेषों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है जिसके लिए 31/3/2014 तक रैमको सिस्टम में उपभोग/निर्गम/स्क्रैपेज को अद्यतन नहीं किया गया है। अपेक्षित लेखाकरण समायोजन यथासमय कर लिए जाएंगे।

x) वर्ष के अंत में, रैमको रिपोर्टों के विश्लेषण के आधार पर 970.1 मिलियन रुपए के दर्शाए गए रिपेयरेबल उपभोग को उल्ट दिया गया है जिसे अब खातों में इनवेंटरी के रूप में दर्शाया जा रहा है। ये इनवेंटरी शेष रैमको में नहीं दर्शाए जा रहे हैं और उनके लोकेशन विवरण उपलब्ध नहीं हैं।

xi) कंपनी के पास सीएफ 6 इंजनों से संबंधित फेज आउट किए गए विमान बेड़े से संबंधित 801.3 मिलियन रुपए की राशि की इनवेंटरी है। तथापि इन स्पेयर्स का अन्य विमानों पर इस्तेमाल का पता लगाया जा रहा है जिसके लिए आवश्यक प्रावधान यथासमय कर लिया जाएगा।

xii) इनवेंटरी के पिछले मूवमेंट से संबंधित डाटा रैमको सिस्टम में उपलब्ध नहीं है। लीगेसी सिस्टम में उपलब्ध मूवमेंट डाटा के आधार पर मदों की पहचान नॉन–मूविंग के रूप में की गई है और तदनुसार उसके लिए 4875.6 मिलियन रुपए (वर्ष के दौरान 348.9 मिलियन रुपए) तक का प्रावधान किया गया है।

xiii) खातों को सैप में स्थानांतरित किए जाने के बाद नॉन एयरक्राफ्ट इनवेंटरी जिसे पहले मेटीरियल मैनेजमेंट डिवीजन (एमएमडी) में लीगेसी सिस्टम/मैनुअल रिकार्डों में मेंटेन किया जा रहा था, उसे सैप में हस्तांतरित कर दिया गया है। मैनुअल रिकार्डों में मेंटेन किए गए इन शेषों का वित्तीय रिकार्डों के साथ मिलान नहीं किया गया था और हस्तांतरित किए गए शेषों की राशि एमएमडी में उपलब्ध डाटा के बराबर हस्तांतरित की गई थी। नॉन एयरक्राफ्ट इनवेंटरी के संबंध में ये शेष मिलान और आवश्यक लेखाकरण की कार्रवाई के अधीन है। इस संबंध में, संबंधित वेंडर खाते भी मिलान और आवश्यक लेखाकरण समायोजनों के अधीन हैं। लेखाकरण नीति के अनुसार नॉन मूविंग इनवेंटरी की पहचान करने के लिए इन वस्तुओं की आवाजाही से संबंधित डाटा को भी संकलित किया जा रहा है।

xiv) कंपनी स्टैंडबाई उपकरणों/मशीन के कल पुर्जे/बीमा स्पेयर को इनवेंटरी के रूप में अपने पास रखती है चूंकि इनका प्रयोग विमान के परिशोधन के उद्देश्य से तथा रख–रखाव कार्य के साथ बाहरी मरम्मत के लिए भी किया जाता है।

xv) प्राप्त किए गए समस्त सामान/खर्च का दायित्व रैमको द्वारा सृजित डाटा के अनुसार दिनांक 31.3.2014 को ग्रान्स एवं मार्गस्थ स्टोर विवरणी में दिए गए मूल्यों के अनुसार प्रदान किया गया है। आर एंड डी अनुभाग/सीमा–शुल्क विभाग/हाई सी में प्राप्त वस्तुओं के लिए, रैमको डाटा बेस से बाहर, उपलब्ध डाटा के आधार पर दायित्व प्रदान किया जाता है। ग्रान्स को तैयार करने में हुए विलंब और रैमको डाटाबेस से बाहर के ग्रान्स की गणना की प्रणाली तथा दायित्व के निर्धारण पर उसके परिणामी प्रभाव के संबंध में उपयुक्त स्तर पर समीक्षा की जा रही है। जैसाकि सैप में प्रविष्टियों को "समरी" स्तर पर दर्ज किया जा रहा, वर्ष के अंत में बकाया अग्रिमों और देयों के शेषों का वेंडर–वार मिलान लंबित है। वर्ष के दौरान निपटान किए गए लेन–देनों से संबंधित विनिमय अंतर का लेखाकरण और वर्ष के अंत में विदेशी मुद्रा के रूप में देयताओं का अंतरण भी उपलब्ध डाटा के बराबर किया गया है। विभिन्न वेंडर संबंधित खातों का मिलान भी किया जा रहा है। रैमको/सैप में ऐसी लागत को डाल कर एफडीआई (फ्रेट डयूटी एंड इन्सीडेंटल्स) के लेखाकरण को भी सरल और कारगर किया जा रहा है। उपर्युक्त के यथार्थ वित्तीय प्रभाव का पता लगाया जा रहा है और उन्हें यथासमय लेखाबद्ध कर दिया जाएगा।

xvi) वर्ष 2012–14 की द्विवार्षिक अवधि के लिए इनवेंटरियों का प्रत्यक्ष सत्यापन प्रगति पर है और आंतरिक लेखा परीक्षकों द्वारा पाई गई विसंगतियों की आवश्यक लेखांकन कार्यवाही यथासमय की जाएगी।

xvii) वर्ष के दौरान 1264.8 मिलियन रुपए की राशि की अप्रचलित इनवेंटरी को रेमको में हस्तातरित नहीं किया गया था जिसे गत वर्ष पूर्ण रूप से उपलब्ध कराया गया था। एमएमडी/इंजी. प्रभाग से पुष्टिकरण के आधार पर उक्त को बट्टे खाते में डाल दिया गया है क्योंकि उसे लॉट आधार पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार गत वर्ष में बेचा/निपटा दिया गया था जिसके लिए मदवार मिलान अभी उपलब्ध नहीं है। निपटान के समय की गई लेखाकरण कार्रवाई के विवरण वर्तमान में उपलब्ध नही हैं।

xviii) कंपनी ने इस उद्योग की बेहतरीन कार्यवाही और आदेश एवं नियंत्रण प्रणाली को बैंचमार्क करने के लिए इनवेंटरी लेखाकरण की सम्पूर्ण प्रणाली को सरल और कारगर बनाने पर सलाह देने के लिए बाहरी परामर्शदाताओं को नियुक्त किया है। रेमको सिस्टम को संगत रूप से अद्यतन किया जा रहा है। प्रबंध वर्ग यह सुनिश्चित करने के लिए अपेक्षित कदम उठा रहा है कि इनवेंटरी शेषों के प्रत्यक्ष सत्यापन और मूल्यांकन के संबंध में स्थनांतरण के दौरान/स्थानांतरण के बाद नोटिस की गई विसंगतियां बही खातों में वहन की जा रही हैं तथा आवश्यक लेखाकरण कार्यवाही मिलान के समय कर ली जाएगी। वित्तीय विवरणी पर उक्त का यर्थाथ वित्तीय प्रभाव इस समय निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

63- eqcbZ bZVju'kuy ,;jiksVZ fyfeVsM ¼ek;y½

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण तथा मायल के बीच अनुबंध किया गया है जिसके तहत मायल को मुंबई एयरपोर्ट के विकास का दायित्व सौंपा गया है। तदनुसार, मायल ने सूचित किया है कि एयरपोर्ट को विकसित करने के उद्देश्य से कंपनी को लीज़ पर दी गई भूमि (जो भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से लीज़ पर ली गई थी) का कुछ भाग मायल को देना होगा। अनुबंध के तहत गिराई जाने वाली बिल्डिंगों का पुनः निर्माण कंपनी द्वारा स्वीकृत वैकल्पिक स्थानों पर मायल की लागत से किया जाएगा या मायल स्वीकृत फार्मूले के अनुसार क्षतिपूर्ति का भुगतान करेगा। साथ ही, एयरपोर्ट पर अधिकृत भूमि/स्थानों पर मायल लाइसेंस शुल्क/किरायों में रियायत/छूट भी प्रदान करेगा।

मायल द्वारा एयरपोर्ट क्षेत्र में पुनः निर्माण तथा चल रहे विस्तार कार्यों के कारण, एअर इंडिया द्वारा लीज पर ली गई भूमि मायल को सौंपने का कार्य प्रगति पर है। क्षतिपूर्ति, यदि कोई हो, सहित लीज पर दी गई कुल भूमि की व्यापक समीक्षा केवल विस्तार कार्य के पूर्ण/प्रमाणित हो जाने पर ही की जा सकती है और कार्यभार सौंपने/ग्रहण करने पर कार्यवाही की जा रही है। तद्नुसार भूमि एवं स्पेस बिलों के भुगतान अंतिम निर्णय आने तक मुल्तवी रखे गए हैं।

मायल के साथ मासिक भुगतान योजना के अंतर्गत एआई को फरवरी 2014 से 100 मिलियन रुपए प्रतिमाह की दर से और तत्पश्चात जुलाई 2014 से 120 मिलियन रुपए प्रतिमाह की दर से आईएटीए/बीएसपी एस्क्रो खाते के माध्यम से यूडीएफ/एडीएफ/पीएसएफ के संबंध में बकाया देयों का भुगतान करना है और शेष राशि का भुगतान आवधिक दैनिक भुगतान के माध्यम से करना है जिससे धीरे–धीरे सम्पूर्ण बकाया देय समाप्त हो जाएंगे। तद्नुसार 31.03.2014 तक आकस्मिक देयता सहित बकाया देयों की राशि 3184.8 मिलियन रुपए है जिसमें से 2100.8 मिलियन रुपए निर्विवाद देयों के है और 1148.9 मिलियन रुपए आकस्मिक देयता के रूप में दिए गए हैं। आज की तिथि में केवल वर्तमान बकाया निर्विवाद देय ही दिए जाने शेष है।

उपर्युक्त बकाया एआई की बहियों के अनुसार हैं और सही माने गए हैं। इन बकायों के विरूद्ध, मायल ने अपने लेखा विवरण में 974.3 मिलियन रुपए के ब्याज सहित 3949.2 मिलियन रुपए की राशि बकाया के रूप में दर्शाई है। तथापि मायल के खाते पुष्टि, मिलान और लेखाकरण समायोजनों के अधीन हैं, इस कारण पड़ने वाले प्रभाव, यदि कोई है, का निर्धारण नहीं किया जा सकता।

64- dkphu bVjus'kuy ,;jiksVZ fy0 ¼lhvkbZ,,y½

सीआईएएल से प्राप्त पुष्टिकरण के अनुसार दिनांक 31.03.2014 को उनकी बहियों के अनुसार देय राशि 328.7 मिलियन रुपए है। तथापि, एआई की बहियों के अनुसार सीआईएएल को कुल देय राशि 71.4 मिलियन रुपए है। यह अंतर मुख्यतः स्वयं हैंडल की जा रही उड़ानों के लाइसेंस फीस के भुगतान में सीआईएएल लेवी की बढ़ी हुई दरों, हैंडलिंग के विशेषाधिकार की हानि और इस प्रक्रिया को किसी अन्य एयरपोर्ट पर नहीं अपनाए जाने के कारण है। टिप्पणियों में कुल आकस्मिक देयता 169.5 मिलियन रुपए (पिछले वर्षः 122.5 मिलियन रुपए) दर्शाई गई है। बकाया देयों के बिल–वार विवरण भी एकत्रित किए जा रहे हैं। सीआईएएल के साथ ये खाते तथापि पुष्टि, मिलान और लेखांकन समायोजनों के अधीन हैं, इस कारण पड़ने वाले प्रभाव, यदि कोई हैं, का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

65- fnYyh bVjus'kuy ,;jiksVZ fy0 ¼Mk;y½

जुलाई, 2010 में टी–3, आई.जी.आई. नई दिल्ली पर उड़ान प्रचालनों को शिफ्ट करने के बाद डायल के साथ टी–3 पर जगह के किरायों के संबंध में कुछ विवाद हुए थे । सचिव, नागर विमानन मंत्रालय के तत्त्वावधान में दिनांक 12.12.2012 को आयोजित बैठक में टी–3, आई.जी.आई. एयरपोर्ट स्थित नए लाउंज सहित जगह के किराए के समझौते के संबंध में दिशा–निर्देश जारी किए। तद्नुसार, डायल के साथ किराया प्रभारों से संबंधित विवाद का निपटान कर लिया गया। इसके अतिरिक्त, पीएसएफ, यूडीएफ एवं डीएफ जैसे भुगतानों की मासिक किस्त देने के लिए आयटा क्लीयरिंग हाउस के साथ अगस्त, 2013 से प्रभावी एक एस्क्रो खाता खोला गया है। इस खाते में 320.0 मिलियन रुपए (जिसे अगस्त 2014 से बढ़ाकर 340.0 मिलियन रुपए कर दिया गया) का मासिक भुगतान किया जाता है जिसका समायोजन वास्तविक यात्री डाटा के आधार पर किया जाता है।

दिनांक 31.03.14 को कंपनी के रिकॉर्ड के अनुसार बकाया देयता 4,866.8 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष 2,922.8 मिलियन रुपए) है जिसमें से 103.5 मिलियन रुपए मार्च 2010 की अवधि तक रॉयल्टी पर छूट और ग्राउंड हैंडलिंग रॉयल्टी प्रभारों की बिलिंग से ग्राहक एयरलाइनों द्वारा अस्वीकृतियों के कारण डायल से प्राप्य/समायोज्य हैं। इस प्रकार डायल द्वारा दर्शाई गई ब्याज सहित बकाया देयों की 4831.3 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष 3044.8 मिलियन रुपए) की तुलना में डायल को देय निवल राशि 4,763.3 मिलियन रुपए है। इसके अतिरिक्त, स्पेस एरिया/पार्किंग प्रभारों और ब्याज के संबंध में कुछ विवाद थे। तथापि, डायल की ओर से ब्याज के दावों के लिए 1076.3 मिलियन रुपए की आकस्मिक देयता की व्यवस्था की गई है।

डायल की ओर से दिनांक 31.03.2014 की एक लेखा विवरणी प्राप्त हुई है। खातों में डायल द्वारा दर्शाए गए शेषों में, मुख्यतः पार्किंग प्रभारों, स्पेस मिलान इत्यादि जैसे देयों में अंतरों के कारण, कुछ विभिन्नताएं हैं जिनका समाधान एवं लेखाबद्ध करने की जरूरत है। तथापि, डायल की ओर से कोई पृथक शेष का पुष्टिकरण उपलब्ध नहीं है। सीआईएएल के साथ ये खाते तथापि पुष्टि, मिलान और लेखाकरण समायोजनों के अधीन हैं, इस कारण पड़ने वाले प्रभाव, यदि कोई है, का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

66- Hkkjrh; foekuiÙku ikfékdj.k ¼,,vkbZ½

(क) नागर विमानन मंत्रालय के तत्त्वावधान में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ दिनांक 26.08.2013 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए जिसके माध्यम से एआईएल द्वारा एएआई को देय राशि का मंत्रालय द्वारा निर्धारण कर दिया गया। तद्नुसार कंपनी के बही–खातों में लेखाकरण प्रविष्टियां कर दी गई हैं जिनका दिनांक 31.03.2012

को समझौता ज्ञापन के साथ समाधान किया जा रहा है। वर्ष 2012–13 में एएआई की ओर से की गई अनुवर्ती बिलिंग को समझौता ज्ञापन के अंतर्गत हुए समझौते के आधार पर लेखाबद्ध किया गया है। एएआई ने बकाया राशि पर उनके देयों के लिए ब्याज भी वसूल किया था जो कि विवाद का विषय रही है क्योंकि एआई द्वारा किए गए विलंबित भुगतानों से एएआई को कोई हानि नहीं हुई है। समझौता ज्ञापन के अनुसार ब्याज 9% की दर से वसूल किया जाना है किन्तु यह भी देखा जाना है कि समझौता ज्ञापन के अनुसार 9% का ब्याज किस पर लगाया जाना है। नागर विमानन मंत्रालय से प्राप्त पत्र के अनुसार, 760.0 मिलियन रुपए की राशि वर्ष 2012–13 के लिए ब्याज की आकस्मिक देयता के रूप में प्रदान की गई थी। समझौता ज्ञापन के अनुसार दिनांक 31.03.2012 तक के देयों के लिए वर्ष 2012–13 और 2013–14 की अवधि के लिए ब्याज की गणना 697.8 मिलियन रुपए की गई है और इसे आकस्मिक देयता के रूप में लिया गया है। इसके अतिरिक्त, नागर विमानन मंत्रालय की ओर से कोई आदेश प्राप्त न होने के कारण वर्ष 2012–13 और 2013–14 से संबंधित देयों के लिए कंपनी ने वर्ष 2012–13 में 176.20 मिलियन रुपए की एक अतिरिक्त आकस्मिक देयता तथा वर्ष 2013–14 के दौरान ब्याज के रूप में 534.5 मिलियन रुपए प्रदान किए हैं। इस प्रकार 31 मार्च 2014 को कुल 1408.3 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष 760.0 मिलियन रुपए) ब्याज के लिए आकस्मिक देयता के रूप में दर्शाए गए हैं।

(ख) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अनुसार बकाया राशि का पता नहीं लगाया जा सका है क्योंकि इसकी पुष्टि प्राप्त नहीं हुई है। कंपनी के खातों के अनुसार, 9257.7 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष : 10335.6 मिलियन रुपए) की स्थायी देयता और 1421.6 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष:816.8 मिलियन रुपए) की आकस्मिक देयता है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ खाता पुष्टिकरण और समाधान के अधीन है। वर्ष के दौरान आए देयों के निपटान के आधार पर 103.2 मिलियन रुपए की राशि 31 मार्च 2012 तक के यातायात देयों से संबंधित अतिरिक्त प्रावधान के रूप में पुनरांकित कर दी गई है। उपर्युक्त बकाए में 31 मार्च 2012 तक की अवधि के लिए एएआई को देय 1331.4 मिलियन रुपए की राशि भी सम्मिलित हैं। इस खाते की भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ पुष्टि, मिलान और लेखाकरण समायोजन किया जाना शेष है जिसका प्रभाव, यदि कोई है, का निर्धारण नही दिया जा सकता है।

67- e l l th,pvkb,,y gnjkckn

जीएचआईएएल, हैदराबाद से प्राप्त पुष्टिकरण के अनुसार दिनांक 31.03.2014 को उनकी बहियों के अनुसार देय राशि 1982.5 मिलियन रुपए है। तथापि एआई की बहियों के अनुसार कुल देय राशि 1384.4 मिलियन रुपए है। विलंबित भुगतानों के कारण मैसर्स जीएचआईएएल द्वारा ब्याज के दावे की राशि 551.0 मिलियन रुपए का लेखांकन नहीं किया गया है क्योंकि कंपनी को ब्याज माफ किए जाने की आशा है। तथापि, उसे आकस्मिक देयता के रूप में लिया गया है। मैसर्स जीएचआईएएल के साथ खातों का मिलान किया जा रहा है आवश्यक लेखाकरण समायोजन यथासमय कर लिया जाएगा।

68- नागर विमानन मंत्रालय के साथ हस्ताक्षर किए गए समझौता ज्ञापन के अनुसार, वर्ष 2013–14 के दौरान कंपनी द्वारा हज गतिविधियां जारी रखी गईं। एअर इंडिया द्वारा कुल 46401 हज यात्री जद्दाह और मदीना ले जाए गए। हज यात्रियों के वहन के लिए सरकार की ओर से कुल 4223.8 मिलियन रुपए की राशि प्राप्त की गई जिसे चार्टर राजस्व के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है। चार्टर उड़ानों पर हज़ यात्रियों के वहन का खर्च संबंधित लेखा–शीर्षों के अंतर्गत बुक किया गया है।

69- l xeV fjikfVx

क) कंपनी एयरलाइन से संबद्ध व्यापार से जुड़ी है जो उसका मुख्य व्यापार सेगमेंट है, इसलिए सेगमेंट परिणामों का खुलासा नहीं किया गया है। भौगोलिक रूप से क्षेत्रवार अर्जित राजस्व के ब्यौरे (जिस क्षेत्र में बिक्री की गई, उस क्षेत्र में राजस्व आंबटित करके निकाले गए हैं) नीचे दिए गए हैं:–

¼#i, fefy;u e½

	fooj.k	2013&14	2012–13
क)	यू एस ए/कनाडा	17346-6	15117.5
ख)	यू के/यूरोप	14606-1	11546.4
ग)	एशिया (भारत को छोड़कर), अफ्रीका तथा ऑस्ट्रेलिया	26335-0	25142.6
घ)	भारत	125421-9	108471.9
	dy	183709-6	160278.4

ख) कंपनी की प्रमुख राजस्व अर्जित करने की परिसंपत्ति उसका विमान बेड़ा है जिसे सुविधानुसार विश्वभर के रूट नेटवर्क पर तैनात किया जाता है। भौगोलिक सेगमेंट के अनुसार परिसम्पत्तियों और देयताओं के आबंटन का कोई उचित आधार नहीं है। परिणामस्वरूप क्षेत्रवार परिसंपत्तियों और देयताओं का खुलासा नहीं किया गया है।

ग) टर्न अराउंड योजना में, ग्राउंड हैंडलिंग और इंजीनियरिंग सर्विसेज़ बिजनेस को सहायक कंपनियों अर्थात् एआईएटीएसएल और एआईईएसएल में अंतरित किया जाना प्रस्तावित है। अंतरण की प्रक्रिया को वर्ष के अंत तक पूरा किया जाना है, इन सेवाओं से संबंधित व्यय एवं राजस्व को लाभ एवं हानि विवरणी में सम्मिलित करना जारी रखा गया है। ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं से संबंधित वास्तविक डाटा को एकत्र किया जाना शेष है, वित्तीय विवरणी में सम्मिलित इंजीनियरिंग सेवाओं से संबंधित राजस्व एवं व्यय नीचे दिया गया है। निम्नानुसार, इंजीनियरिंग सेवा गतिविधियों के लिए निवल हानि 3436.7 मिलियन रुपए है और इंजीनियरिंग सेवाओं को छोड़कर जो कंपनी की हानि है वह 59359.3 मिलियन रुपए है जो इस प्रकार है:

	fooj.k	,vj bfM;k fy- dk iFkd	bt h-	,vj bfM;k fy- dk dy
¼d½	jktLo			
i)	jktLo	190468.4	466.5	190934.9
	dy jktLo	190468-4	466-5	190934-9
¼[k½	0;;			
i)	प्रचालन व्यय	148846.8		148846.8
ii)	कर्मचारी हित लाभ व्यय	23757.7	7764.2	31521.9
iii)	हैंडलिंग व्यय (*)	12953.5	(4090.0)	8863.5
iv)	वित्त लागत	40713.4	0.0	40713.4
v)	मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय	18726.7	229.0	18955.7
vi)	अन्य व्यय	16333.7		16333.7
vii)	पूर्वावधि व्यय	(1033.1)		(1033.1)
	dy 0;;	260298-7	3903-2	264201-9
	विशिष्ट / असाधारण मदें	10471.0		10471.0
	dj i'pkr fuoy gkfu	¼59359-3½	¼3436-7½	¼62796-0½
	bchvkbVhMh, ¼3 ch&777 ,yvkj dh fcØh ij gkfu dk NkM+dj½	5769-8	¼3207-7½	2562-1

(*) ऊपर दर्शाए गए 4090.0 मिलियन रुपए के हैंडलिंग प्रभार एआईईएसएल के गठन हेतु कैबिनेट नोट में दिए गए आंकड़ों के आधार पर गणना की गई बजट राशि पर आधारित हैं।

(**) ये विवरण प्रबंधकवर्ग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार हैं और लेखा परीक्षकों द्वारा सत्यापित नहीं हैं।

70- lacfèkr ikVh }kjk fd;k x;k yu&nu % lgk;d daifu;ka ij ol yk x;k C;kt

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी किए गए लेखा मानक (एएस–18) के अनुसार "संबंधित पार्टी लेन–देन के विवरण" के बारे में यथा अपेक्षित घोषणाएं नीचे दी गई हैं :–

क. प्रमुख प्रबंधन कर्मी एवं संबंधी: (31 मार्च, 2014 को और 20 अक्तूबर, 2014 तक)

Ø- la-	uke	cksMZ eas in	inuke
1.	श्री रोहित नंदन	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
2.	श्री सैय्यद नासिर अली	कार्यात्मक निदेशक	संयुक्त प्रबंध निदेशक
3.	श्री एस. वेंकट	कार्यात्मक निदेशक	निदेशक (वित्त)
4.	श्री निखिल कुमार जैन	कार्यात्मक निदेशक	निदेशक–कार्मिक
5.	श्री गुरूचरण दास	स्वतंत्र निदेशक	प्रबंधन परामर्शदाता एवं लेखक (29 मई, 2013 से नियुक्त)
6.	डॉ. प्रेम व्रत	स्वतंत्र निदेशक	प्रो. कुलपति एवं प्रोफेसर, आईटीएम यूनिवर्सिटी, गुडगांव (29 मई, 2013 को प्रभावी)
7.	श्री के.के. नोहवार	स्वतंत्र निदेशक	एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) पीवीएसएम वीएम (29 मई, 2013 से प्रभावी)
8.	डा. रविन्द्रा एच.ढोलकिया	स्वतंत्र निदेशक	प्रोफेसर, आईआईएम, अहमदाबाद (29 मई, 2013 से प्रभावी)
9.	सुश्री रेनूका रामनाथ	स्वतंत्र निदेशक	संस्थापक–मल्टीप्लस ऑल्टरनेट एसेट मैनेज़मैंट प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई (29 मई, 2013 से प्रभावी)
10.	श्री पंकज श्रीवास्तव	कार्यात्मक निदेशक	निदेशक – वाणिज्य (01 अक्तूबर, 2013 से प्रभावी)
11.	सुश्री एम. सत्यवती	सरकार द्वारा नामित	अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार नागर विमानन मंत्रालय (26 फरवरी, 2014 से प्रभावी)
12.	श्री जी अशोक कुमार	सरकार द्वारा नामित	संयुक्त सचिव, नागर विमानन मंत्रालय (23 अप्रैल, 2014 से पदमुक्त)
13.	श्री अरुण कुमार	सरकार द्वारा नामित	संयुक्त सचिव, नागर विमानन मंत्रालय (23 अप्रैल, 2014 से प्रभावी)

वर्ष 2013–14 के दौरान तथा 20 अक्तूबर 2014 तक हुए परिवर्तन

Ø-l-	uke	ckMZ esa in	inuke
1.	श्री एस मछेन्द्रनाथन	सरकार द्वारा नामित	अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, नागर विमानन मंत्रालय (19 नवम्बर, 2013 से पदमुक्त)
2.	डॉ. प्रभात कुमार	सरकार द्वारा नामित	संयुक्त सचिव, नागर विमानन मंत्रालय (11 फरवरी, 2014 से पदमुक्त)
3.	श्री विपिन कु. शर्मा	कार्यात्मक निदेशक	एसबीयू प्रमुख–एमआरओ (इंजन एवं कंपोनेंट) (30 सितम्बर 2013 से पदमुक्त)
4.	श्री के.एम. उन्नी	कार्यात्मक निदेशक	एसबीयू प्रमुख–एमआरओ (एयरफ्रेम) (30 नवम्बर 2013 से पदमुक्त)
5.	श्री ज्ञान दीपक बरारा	कार्यात्मक निदेशक	निदेशक वाणिज्य (30 सितम्बर से पदमुक्त)
6.	श्री जी अशोक कुमार	सरकार द्वारा नामित	संयुक्त सचिव, नागर विमानन मंत्रालय (11 फरवरी, 2014 से प्रभावी और 23 अप्रैल, 2014 को पदमुक्त)

d- izeq[k izca/ku dfeZ;ksa ds lkFk fd;k x;k ysu&nsu%

(i) अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा कार्यात्मक निदेशकों के वेतन एवं परिलब्धियों और स्वतंत्र निदेशकों की सिटिंग फीस (दिनांक 19 जुलाई, 2013 को आयोजित एआईएल की 54वीं बोर्ड बैठक में दिए गए अनुमोदन के अनुसार) को छोड़कर प्रमुख प्रबंध कर्मियों के साथ किसी प्रकार का लेन–देन नहीं किया गया ।

(ii) सामान्य तौर पर एयरलाइन व्यवसाय के लिए एयरलाइन से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराने जैसे लेन–देन को उपरोक्त में शामिल नहीं किया गया है।

[k- l;qDr m|e dh 0;oLFkk,a%

क. <u>बेंगलूरू में मैसर्स हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लि0 (एचएएल) के साथ संयुक्त कार्य समूह</u>

वर्ष के दौरान, बेंगलूरू एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग व्यवस्था के लिए एचएएल के साथ संयुक्त कार्य समूह व्यवस्था के तहत कंपनी को 11.7 मिलियन रुपए (गत वर्ष : 15.5 मिलियन रुपए) का लाभ हुआ।

लंबित मुकदमे के कारण, एचएएल ने बेंगलूरू में एचएएल–एआई जेडब्ल्यूजी समझौते के तहत उपलब्ध कराए गए एआई लाभांश के 99.6 मिलियन रुपए (गत वर्ष – 99.6 मिलियन रुपए) की राशि के भुगतान को रोक दिया है।

ख. <u>मैसर्स सिंगापुर एयरपोर्ट टर्मिनल सर्विसेज़ (सैट्स), सिंगापुर के साथ संयुक्त उद्यम</u>

कुछ एयरपोर्टों पर एयरलाइनों को ग्राउंड हैंडलिंग उपलब्ध कराने के लिए कंपनी ने सैट्स, सिंगापुर के साथ 50:50 के इक्विटी अनुपात पर संयुक्त उद्यम अनुबंध किया है। यह ग्राउंड हैंडलिंग नीति पर भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसरण में है।

कंपनी ने पारस्परिक सहमति के अनुसार कंपनी/एआई–सैट्स द्वारा जारी इन्वाइसों के आधार पर विभिन्न लोकेशनों के लिए एआई–सैट्स से राजस्व/व्यय का परिकलन किया है क्योंकि दिनांक 31 मार्च, 2014 को एआई–सैट्स के साथ करार को अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

वर्ष के दौरान, एआई–सैट्स द्वारा एअर इंडिया को प्रदत्त अन्य सेवाओं और हैंडलिंग प्रभार के लिए कुल 2196.0 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष: 2238.4 मिलियन रुपए) का बिल जारी किया गया और एअर इंडिया द्वारा एआई सैट्स पर कुल 1311.7 मिलियन रुपए (पिछले वर्ष: 1552.0 मिलियन रुपए) का बिल जारी किया गया।

कंपनी के बही खातों के अनुसार, दिनांक 31.3.2014 को एआई–सैट्स को देय बकाया राशि 430.7 मिलियन रुपए है और एआई सैट्स की ओर से प्राप्त हुए बकाया के पुष्टिकरण के अनुसार निवल देय बकाया राशि 442.7 मिलियन रुपए है। 12 मिलियन रुपए का निवल अंतर मिलान के अधीन है और आवश्यक लेखाकरण समायोजन यथा समय कर लिया जाएगा।

31 मार्च 2014 को समाप्त वर्ष के दौरान एआई–सैट्स संयुक्त उद्यम को कर पश्चात् 421.5 मिलियन रुपए का लाभ हुआ और वर्ष के दौरान संयुक्त उद्यम द्वारा 15 प्रतिशत के लाभांश की घोषणा की गई।

ग) वर्ष के अंत तक कंपनी के निदेशकों या अधिकारियों अथवा उनके रिश्तेदारों पर किसी प्रकार का ऋण या क्रेडिट लेन–देन बकाया नहीं है जिसका कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत लेखों में प्रकटीकरण आवश्यक है।

घ) कंपनी की राय में, विभिन्न एयरलाइनों, निजी पार्टियों के साथ किए गए समझौते जिन्हें "ज्वाइंट ऑपरेशन/कोड शेयर एग्रीमेंट्स" कहा गया है, लेखा मानक (एएस–18) तथा (एएस–27) में उल्लिखित संयुक्त उद्यम की परिभाषा के अन्तर्गत नहीं आते, इसलिए उन्हें उक्त प्रकटीकरण में शामिल नहीं किया गया है।

ड.) कंपनी की सहायक कंपनियां एएस–18 के अंतर्गत दी गई परिभाषा के अनुसार सरकार द्वारा नियंत्रित उद्यम हैं और इसलिए कंपनी द्वारा अपनी सहायक कंपनियों के साथ किए गए लेन–देन संबंधित पार्टी लेन–देनों की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आते।

71- i|cèkdh; ikfjJfed%

¼#i, fefy;u e½

	fooj.k	2013&14	2012–13
d½	vè;{k o i|cèk funs'kd		
	वेतन और भत्ते	2-1	1.5
	(इसमें परिलब्धियों का मूल्य 0.02 मिलियन रुपए शामिल है)		
[k½	dk;kZRed funs'kd		
(i)	वेतन और भत्ते	12-1	13.0
	(इसमें परिलब्धियों का मूल्य 0.2 मिलियन रुपए शामिल है।)		
(ii)	भविष्य–निधि में अंशदान	0-5	0.5

टिप्पणी : भविष्य निधि से इतर सेवानिवृत्ति लाभों के संबंध में, चूंकि इन्हें वैश्विक आधार पर किया गया है, अतः कोई आबंटन नहीं किया गया।

72- yht

¼d½ foÙk yht

(क) वित्त लीज के अंतर्गत 01 अप्रैल, 2001 के बाद अर्जित विमान बेड़े तथा उपकरणों को एकमुश्त खरीद मान लिया गया है। लीज़ पर ली गई इन परिसंपत्तियों की लागत 192797.9 मिलियन रुपए (गत वर्ष 205082.7 मिलियन रुपए) है। दिनांक 31 मार्च, 2014 को भविष्य की लीज़ बाध्यता 120257.3 मिलियन रुपए (गत वर्ष 133575.1 मिलियन रुपए) है।

(ख) भविष्य के न्यूनतम लीज़ किराये पर देयताएं निम्नानुसार हैं :–

¼#i, fefy;u e½

	fooj.k	31-3-14 dk	31.3.13 को
क)	ब्याज सहित न्यूनतम लीज़ भुगतान की बकाया राशि।		
	– एक वर्ष से कम अवधि में	22989-7	16909.3
	– एक वर्ष से अधिक तथा पांच वर्ष से कम अवधि में	65524-3	70410.6
	– पांच वर्ष से अधिक अवधि में	37230-4	54280.6
	dqy	125744-4	141600.5
ख)	उपरोक्त (क) का वर्तमान मूल्य		
	– एक वर्ष से कम अवधि में	21592-7	15071
	– एक वर्ष से अधिक तथा पांच वर्ष से कम अवधि में	61938-4	65327.3
	– पांच वर्ष से अधिक अवधि में	36726-2	53176.8
	dqy(*)	120257-3	133575.1
ग)	वित्त प्रभार	5487-1	8025.4

नोटः एलआईबीओआर को 0.5% मानते हुए ब्याज की गणना की गई।

¼[k½ vkijfVx yht

क) कंपनी ने रद्द न की जा सकने वाली ऑपरेटिंग लीज़ पर 15 विमान (एआई:7बी–787 तथा 2 बी–747 तथा आईएएल : 6 विमान) (पिछले वर्ष लीज़ पर 15 विमान) लिए हैं। कंपनी ने वित्त वर्ष 2013–14 के दौरान 7बी 787–8 विमानों के लिए सेल तथा लीज़ बैक व्यवस्था की है। यह व्यवस्था 12 वर्ष की अवधि के लिए तथा रद्द न की जा सकने वाली ऑपरेटिंग लीज पर की गई है। जैसाकि 787 विमान एक अत्याधुनिक विमान है जिसे वर्ष 2012 के अंत में बोईंग द्वारा विमानन बाजार में लाया गया था, अतः इन विमानों के पुनः विक्रय के लिए कोई सेकेंडरी बाजार उपलब्ध नहीं है। अतः इस सौदे में विक्रय मूल्य जिसका निर्धारण उचित सार्वजनिक टेंडर पर आधारित था, इन विमानों के उचित बाजार मूल्य को दर्शाता है। 31 मार्च, 2014 के अनुसार भविष्य का न्यूनतम लीज़ किराया 60628.4 मिलियन रुपए (गत वर्ष : 5824.1 मिलियन रुपए) है।

दिनांक 01 अप्रैल 2001 के बाद अर्जित लीज के लिए भविष्य के न्यूनतम लीज किराए पर देयताएं निम्नानुसार हैं:

¼#i, fefy;u e½

	fooj.k	31 ekp] 2014 dk	31 मार्च, 2013 को
क)	एक वर्ष से कम अवधि में	7414-4	3274.6
ख)	एक वर्ष से अधिक तथा पांच वर्ष से कम	21736-2	2549.5
ग)	पांच वर्ष से अधिक अवधि में	31477-8	0.0
	dy	60628-4	5824-1

तथापि, अवधि से पूर्व लीज़ समाप्त करने पर समझौते की शर्तों के अनुसार पट्टाधारी को भुगतान करना अपेक्षित होगा। लीज़ पर लिए गए विमानों के संबंध में 5341.1 मिलियन रुपए (गत वर्ष 5322.4 मिलियन रुपए) का लीज़ किराया व्यय, वर्ष के लाभ–हानि खाते में दर्शाया गया है।

ख) कंपनी ने विभिन्न आवासीय/वाणिज्यिक परिसर रद्द की जा सकने वाली ऑपरेटिंग लीज़ पर लिए हैं। उपर्युक्त में से समाप्त लीज़ संबंधी विवरण संकलित किया जा रहा है।

ग) कंपनी ने वाहनों तथा कार्यालय उपकरणों को भी क्रय के विकल्प के साथ ऑपरेटिंग लीज़ पर लिया है जिनकी हकदारी अन्ततः अंतरित हो भी सकती है और नहीं भी। यह परिसंपत्तियां विभिन्न स्टेशनों पर हैं तथा संचित रूप से बहुत अधिक नहीं हैं। इस संबंध में भावी दायित्वों का पूर्ण विवरण संकलित नहीं किया जा सकता है, चूंकि राशि अधिक नहीं है अतः इसे प्रकट नहीं किया गया है।

73- 7 ,&320 ,l,ych foeku ykxr dk ifj'kks/ku%

एअर इंडिया लिमिटेड ने मार्च 2007 में 7 ए–320 विमानों के लिए सेल तथा लीज बैक (एसएलबी) व्यवस्था की है। इन विमानों की एसएलबी अवधि के अंत में एअर इंडिया ने सितम्बर, 2013 में पट्टादाता मैसर्स इन्वेस्टेक के साथ नया करार किया है। नए करार की शर्तों के अनुसार एअर इंडिया को पट्टादाता को प्रति विमान 4.1 मिलियन यूएस डालर की दर से रिलीज़ राशि का भुगतान करना था तथा मार्च, 2007 में हस्ताक्षरित मूल लीज़ करार के अंतर्गत निर्धारित पुनः डिलीवरी की शर्तों में विमान की पुनः डिलीवरी की सभी बाध्यताओं से पट्टेदार को मुक्त करना था।

यह नया करार, सितम्बर, 2015 या विमान के विक्रय होने तक, जो भी पहले हो, तक वैध है। इस करार के अनुसार विमान का हक तथा बीमा पट्टादाता के पास रहेंगे तथा पट्टेदार विमान तथा इसके कंपोनेन्ट्स के परिचालन तथा रख–रखाव के लिए प्राधिकृत है। करार के अंतर्गत विमान के भावी विक्रय के विकल्प का भी प्रावधान है जिसमें इन विमानों की विक्रय की प्रक्रिया पट्टेदार को प्रति विमान प्रति माह की दर से 1 यूएस डॉलर नोशनल लीज किराया समझौते के समाप्त होने तक या भावी विक्रेता को इन विमानों का विक्रय करने तक देना होगा।

इन विमानों की उपयोगी राजस्व अर्जित करने की तकनीकी आयु है तथा पट्टेदार होने के नाते एआईएल 2013–14 के बाद की अवधि में भी इन विमानों के प्रचालन से राजस्व अर्जित करेगा। तद्नुसार वर्ष 2013–14 के दौरान प्रति विमान 4.1 मिलियन यूएसडी की एकमुश्त रिलीज़ राशि को इन विमानों की शेष उपयोगी तकनीकी आयु में यथानुपात परिशोधित कर दिया गया है।

इन 07 विमानों में से 2 मरम्मतयोग्य विमानों के लिए जारी की गई 510.5 मिलियन रुपयों की राशि को चालू वित्त वर्ष 2013–14 के दौरान विस्तारित कर दिया गया क्योंकि इन विमानों से सृजित हो रहे राजस्व का कोई मिलान नहीं किया जा रहा है। तद्नुसार पालन की जा रही लेखाकरण नीति के संदर्भ में, 1269.4 मिलियन रुपयों की शेष राशि में से पांच विमानों

से संबंधित 318.6 मिलियन रुपयों को 2013–14 के दौरान प्रभारित किया गया तथा 950.8 मिलियन रुपयों को अन्य ऋण तथा अग्रिम –पूर्व प्रदत्त व्यय के अंतर्गत दर्शाया गया है जिसे वर्ष 2014–15 तथा वर्ष 2015–16 के दौरान परिशोधित किया जाना है।

74- ,;jykbu ,ykbM lfoZlst fy0 ¼,,,l,y½&iw.kZ LokfEkRo okyh lgk;d daiuh%

एआईएल और एएएसएल के बीच हस्ताक्षर किए गए समझौता ज्ञापन के अनुसार, कंपनी एएएसएल को व्यापक आधारभूत संरचना और प्रशासनिक सहायता उपलब्ध करा रही है। समझौता ज्ञापन के संदर्भ में वर्ष के दौरान एएएसएल से इस प्रकार की प्रशासनिक एवं प्रचालनात्मक सहायता के लिए हैंडलिंग प्रभार और एटीआर/सीआरजे विमान के आंतरिक अनुरक्षण प्रभार वसूल किए गए हैं। तथापि, दिनांक 31 मार्च, 2014 को एएएसएल से कंपनी द्वारा 8532.0 मिलियन रुपए (गत वर्षः 5649.9 मिलियन रुपए) की राशि प्रापण योग्य है जोकि समाधान के अधीन है।

75- (क) कंपनी की सहायक कंपनियों के संचित घाटे हैं तथा 31.03.2014 को इन कंपनियों के निवल मूल्य में कमी आई है। तथापि वर्तमान टर्न अराउंड योजना तथा पुनर्संरचना के चलते प्रबंध वर्ग के मतानुसार निवेश मूल्य के ह्रास को स्थायी नहीं माना जा सकता। अतः इस प्रकार के घाटे के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। कंपनियों को हुई संचित हानि से संबंधित सूचना कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 212 के तहत अपेक्षित संलग्न विवरण में दी गई है। इन सहायक कंपनियों के प्रचालनों की निरंतरता के मद्देनज़र 31.03.2014 को बकाया 27690.3 मिलियन रुपए की राशि के अग्रिमों के लिए कोई प्रावधान आवश्यक नहीं माना गया। (गत वर्षः 20188.7 मिलियन रुपए)।

(ख) एफआरपी के तहत कंपनी केवल अपनी कार्यशील पूंजी की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए उधार ले सकती है। तथापि सहायक कंपनियों से देय ऋण के कारण कंपनी को अधिकतर राशि का उधार लेना पड़ा जिस कारण अतिरिक्त ब्याज लागत वहन करनी पड़ी। अतः यह निर्णय लिया गया कि वित्तीय वर्ष 2013–14 से कंपनी अपनी कार्यशील पूंजी ऋण पर भुगतान किए गए ब्याज को सहायक कंपनियों में प्रभारित करेगी जो 31.03.2014 के अनुसार सहायक कंपनियों के वसूल योग्य शेष के बकायों के अनुपात में होगी। तद्नुसार वर्ष के दौरान कपंनी ने 31.03.2014 के अनुसार सहायक कंपनियों से प्राप्य बकाया देयों पर ब्याज लागत की प्रतिपूर्ति/सहभागिता के लिए सहायक कंपनियों में 2484.9 मिलियन रुपयों की राशि को डेबिट किया।

76- अन्य विदेशी एयरलाइनों के साथ कंपनी के विरुद्ध विदेश में एक क्लास एक्शन मुकदमा लंबित है, जिसके वित्तीय प्रभाव निश्चित नहीं है।

77- deZpkfj;ksa dks Hkqxrku rFkk ikoèkku%

(क) 31 दिसंबर, 2006 तक की अवधि के लिए वेतन समझौते हेतु, वास्तविक देयता को अंतिम रूप देने तक तदर्थ आधार पर वेतन बकाया देयताओं में 2386.4 मिलियन रु. (निवल) (गत वर्ष 3419.2 मिलियन रु.) (निवल) की देयता शामिल है।

(ख) पीएसयू पर लागू सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के दिशानिर्देशों के अनुसार घाटे में चल रहे पीएसयू में कार्यरत कर्मचारियों को कोई वेतन वृद्धि नहीं दी जा सकती। कंपनी को 01 जनवरी, 2007 से घाटा हो रहा है अतः वेतन वृद्धि/समझौते के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

(ग) विलयित इकाई में वेतन ढांचे को युक्तिसंगत बनाने और डीपीई दिशा–निर्देशों के अनुसार वेतनमानों में एकरूपता लाने के लिए नागर विमानन मंत्रालय द्वारा जस्टिस धर्माधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति नियुक्त की गई थी। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट जनवरी, 2012 में मंत्रालय को सौंप दी थी। परिणामस्वरूप प्रबंधन द्वारा विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए युक्तिसंगत वेतनमानों को निर्धारित किया गया। प्रबंध वर्ग जुलाई 2012 से धर्माधिकारी समिति की सिफारिशों के अनुसार विभिन्न श्रेणियों को देय भत्तों की 75 प्रतिशत राशि का भुगतान कर रहा है।

जस्टिस धर्माधिकारी समिति की सिफारिशों के आधार पर, सामान्य काडर के अधिकारियों (जीसीओ) के वेतन ढांचे को अक्तूबर 2014 से लागू कर दिया गया है। सेवानिवृत लाभ जैसे ग्रेच्यूटी तथा अवकाश नकदीकरण को छोड़कर कार्यान्वित श्रेणी के अंतर्गत आने वाले 3040 कर्मचारियों का अनुमानित प्रभाव प्रति माह लगभग 20 मिलियन रुपए हैं। कंपनी ने कुल कर्मचारियों के प्रभाव का भी अनुमान लगाया है जो प्रतिमाह लगभग 10 मिलियन हैं चूंकि प्रभाव को विस्तार से व्यवस्थित आधार पर नहीं लगाया गया है, अतः कार्यान्वित तथा अन्य कर्मचारियों दोनों के मामले में सही प्रभाव निश्चित नहीं किया जा सका है। तथापि, एअर इंडिया लिमिटेड के लाइसेंस श्रेणी के कर्मचारियों के वेतन तथा भत्ते को औद्योगिक पद्धति के अनुसार युक्तिसंगत बनाने के लिए एमओसीए द्वारा दिनांक 24 जनवरी 2013 को सीसीईए को प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार प्रति वर्ष 3200.0 मिलियन रुपयों की बचत हो सकेगी।

जिन कर्मचारियों पर सिफारिशें लागू हो गई हैं केवल उन कर्मचारियों के ग्रेच्यूटी और अवकाश नकदीकरण के प्रावधान को अलग से निश्चित नहीं किया जा सका। रिपोर्ट के पूर्ण कार्यान्वयन पर ग्रेच्यूटी तथा अवकाश नकदीकरण के बीमांकिक देयता की वृद्धि का अनुमान लगाया जा रहा है।

तथापि जुलाई 2012 से मार्च 2014 तक विभिन्न श्रेणियों को भुगतान किए जाने वाले भत्तों की 25 प्रतिशत देयता का आकस्मिक देयता में प्रावधान किया गया हैं क्योंकि कई समयोजनों के प्रभाव को सही तौर पर निश्चित करना संभव नहीं है जिसके कारण कुछ कर्मचारियों से वसूली/देनदारी भी संभव है। उदाहरण के लिए कंपनी के आवास का लाभ उठा रहे कर्मचारियों के मामले में जो एचआरए लाभ के हकदार नहीं हैं, उनसे वसूली की जाएगी। इसके अलावा कुछ भत्ते जैसे मनोरंजन, समाचार पत्र तथा पत्रिकाएं आदि जिन्हें जेडीसी रिपोर्ट के आधार पर बंद कर दिया गया है। उनके संबंध में भी वसूलियां की जाएंगी।

तदनुसार 25% भत्तों के संबंध से कंपनी ने आकस्मिक देयता के लिए 6738.6 मिलियन (गत वर्ष : 2361.4 मिलियन रुपए) रुपयों का प्रावधान किया है।

(घ) टीएपी/एफआरपी के तहत कंपनी ने 10569 कर्मचारियों को दिनांक 01 फरवरी, 2013 से अपनी दो सहायक कंपनियों एअर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विसेज़ लिमिटेड (एआईईएसएल) और एअर इंडिया एअर ट्रांसपोर्ट लिमिटेड (एआईएटीएसएल) में स्थानांतरित/प्रतिनियुक्त किया है। बाद में, एआईईएसएल में स्थानांतरित किए गए कर्मचारी प्रबंध वर्ग के निर्णय के विरुद्ध बॉम्बे उच्च न्यायालय में चले गए। मुंबई उच्च न्यायालय ने स्थानांतरण के निर्णय को कायम रखा जिसके बाद वे कर्मचारी स्पेशल लीव पेटिशन (एसएलपी) के अंतर्गत उच्चतम न्यायालय में गए, उच्चतम न्यायालय ने एसएलपी को दिनांक 09 मई, 2013 को प्रबंध वर्ग द्वारा यह आश्वासन दिए जाने के आधार पर खारिज कर दिया कि वह स्थानांतरण की तिथि से 18 महीने की अवधि के भीतर स्थानांतरित कर्मचारियों की स्वीकृत देयराशि, यदि कोई हो, का निपटान कर देगा। इसी प्रकार से, एआईएटीएसएल में स्थानांतरित किए गए कर्मचारी स्थानांतरण पर रोक लगाने के लिए चेन्नै उच्च न्यायालय चले गए और वह मामला न्यायाधीन है। दरों को अंतिम रूप दिए जाने और सहायक कंपनियों को प्रचालनीकरण के लंबित होने के कारण, कंपनी ने उपर्युक्त स्थानांतरणों को वर्ष 2013–14 के बहीखातों में प्रभावी नहीं किया है।

(ङ) केबिन यूनियनों के साथ हुए नए वेतन समझौते के अनुसार बही खातों में, उड़ान भत्तों के बकाया हेतु 500.4 मिलियन रुपए का तदर्थ प्रावधान किया जा रहा है।

78- deZpkfj;ksa dks fgr ykHk

d½ ifjHkkf"kr fgr ykHk ;kstuk dk lkekU; fooj.k

क. उपदान: उपदान भुगतान अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कंपनी के सभी पात्र कर्मचारियों को अधिवर्षिता, मृत्यु, स्थायी अशक्तता होने पर उपदान देय होता है।

ख. छुट्टी नकदीकरण: सभी पात्र कर्मचारी सेवानिवृत्ति के समय अधिकतम 300 दिनों तक की प्राधिकार छुट्टी के नकदीकरण के हकदार हैं। तथापि 1 अप्रैल 2013 से समाप्तियोग्य प्राधिकार छुट्टी का नकदीकरण अब केवल प्रचालनात्मक श्रेणियों के लिए ही देय होगा।

ग. बीमारी की छुट्टी का नकदीकरण: सभी पात्र कर्मचारी सेवानिवृत्ति के समय अधिकतम 120 दिनों तक की बीमारी की छुट्टी का नकदीकरण इस शर्त पर करा सकते हैं कि कर्मचारी के खाते में उस समय कम से कम 60 दिन की बीमारी की छुट्टी शेष हों। वर्ष के दौरान, यह निर्णय भी लिया गया था कि दिनांक 01.07.2012 को सभी मौजूदा कर्मचारियों के जमा खाते में शेष बीमारी की छुट्टी फ्रीज हो जाएंगी और कर्मचारी केवल सेवानिवृत्ति के समय उन छुट्टियों का नकदीकरण इस शर्त पर करा सकेगा कि उसने सेवानिवृत्ति के समय वे छुट्टियां समाप्त न कर दी हों। इसके अतिरिक्त यह निर्णय भी लिया गया कि दिनांक 01.07.2012 के बाद जमा की गई बीमारी की छुट्टियों का नकदीकरण नहीं किया जाएगा और कर्मचारी को वे छुट्टियां लेनी ही होंगी। अन्यथा वह समाप्त हो जाएंगी।

¼[k½ ifjHkkf"kr va'knk;h ;kstuk

कर्मचारी भविष्य निधि : भविष्य निधि अधिनियम 1925 के अंतर्गत कंपनी में कर्मचारी भविष्य निधि ट्रस्ट है जो पात्र कर्मचारियों की भविष्य निधि योजना को नियंत्रित करती है। कंपनी तथा कर्मचारी निधि में पी एफ वेतन का 10 प्रतिशत का अंशदान देते हैं जिसमें से कर्मचारियों को भविष्य निधि का भुगतान किया जाता है।

¼x½ ifjHkkf"kr fgr ykHk ;kstuk&minku o lsokfuo`Ùk i'pkr fpfdRlk lqfoèkk,a ¼vfufèkc)½
लेखांकन मानक–15 के अनुसार घोषणा :–

¼#i, fefy;u esa½

	fooj.k	minku		lsokfuo`Ùk i'pkr fpfdRlk ykHk	
		31-3-14 dks vuqlkj	31-3-13 dks vuqlkj	31-3-14 dks vuqlkj	31-3-13 dks vuqlkj
¼d½	fgr ykHk ck/;rk esa ifjorZu gsrq lek.kh%				
	वर्ष के प्रारंभ में देयता	9631-3	8545.1	1795-0	1611.1
	ब्याज लागत	770-5	714.3	143-6	132.9
	वर्तमान सेवा लागत	335-4	329.4	552-6	490.1
	पूर्व सेवा लागत (निहित लाभ)	0	0	0-0	0.0
	प्रदान किए गए हित लाभ	¼1084-8½	(1089.6)	¼434-9½	(356.4)
	बाध्यता में बीमांकिक (लाभ)/हानि	¼196-3½	1132.1	¼21-7½	(82.7)
	o"kZ ds var esa ns;rk	9456-1	9631.3	2078-0	1795.0
¼[k½	;kstuk ifjlaifÙk;ksa ds mfpr ewY; gsrq lek.kh%				
	वर्ष के प्रारंभ में योजना परिसंपत्तियों का उचित मूल्य	&	–	&	–
	योजना परिसंपत्तियों का अनुमानित प्रतिफल	&	–	&	–
	अंशदान	1084-8	1089.6	434-9	356.4
	प्रदान किए गए हित लाभ	¼1084-8½	(1089.6)	¼434-9½	(356.4)
	योजना परिसंपत्तियों पर बीमांकिक (लाभ)/हानि	&	–	&	–
	वर्ष के अंत में योजना परिसंपत्तियों का उचित मूल्य	&	–	&	–
	;kstuk ifjlaifÙk;ksa ij dqy chekafdd ¼ykHk½@gkfu	0-0	0.0	0-0	0.0
¼x½	chekafdd ¼ykHk½@gkfu dh LohÑfr lek.kh%				
	अवधि हेतु बाध्यता में बीमांकिक (लाभ)/हानि	¼196-3½	1132.1	21-7	(82.7)
	अवधि हेतु परिसंपत्तियों की बीमांकिक (लाभ)/हानि	&	–	&	–
	ykHk&gkfu [kkrs esa n'kkZ, x, chekafdd ¼ykHk½@gkfu	¼196-3½	1132.1	21-7	(82.7)
¼?k½	rqyu i= esa n'kkZbZ xbZ jkf'k%				
	वर्ष के अंत में देयता	9456-1	9631.3	2078-0	1795.0
	वर्ष के अंत में योजना परिसंपत्तियों का उचित मूल्य	&	–	&	–
	rqyu i= esa n'kkZbZ xbZ jkf'k	9456-1	9631.3	2078-0	1795.0
¼M-½	ykHk rFkk gkfu [kkrs esa n'kkZ, x, O;;%				
	वर्तमान सेवा लागत	335-4	329.4	552-6	490.1
	ब्याज लागत	770-5	714.3	143-6	132.9
	योजना परिसंपत्तियों का अनुमानित प्रतिफल	&	–	&	–
	स्वीकृत निवल बीमांकिक (लाभ)/हानि	¼196-3½	1132.1	21-7	(82.7)
	पूर्व सेवा लागत (निहित लाभ)	0-0	0.0	0-0	0.0
	ykHk&gkfu [kkrs esa n'kkZ, x, O;;	909-6	2175.8	717-9	540.3
¼p½	rqyu i= lek;kstu%				
	प्रारंभिक निवल देयता	9631-3	8545.1	1795-0	1611.1
	उपरोक्तानुसार व्यय	909-6	2175.8	717-9	540.3
	नियोक्ता का प्रदत्त लाभ	¼1084-8½	(1089.6)	¼434-9½	(356.4)
	ykHk&gkfu [kkrs esa n'kkZbZ xbZ fuoy ns;rk@ifjlaifÙk;ka	9456-1	9631.3	2078-0	1795
¼N½	o"kZ dk iz;qDr ewyHkwr chekafdd%				
	छूट की दर	9-29%	8.00%	9-26%	8.00%
	वेतन वृद्धि दर	5-50%	5.50%	&	–
	चिकित्सा लाभ मुद्रास्फीति दर	&	–	5-50%	5.50%
	एट्रीशन दर	2-00%	2.00%	2-00%	2.00%

79- vkLFkfxr dj ifjlifUk;k

कंपनी ने लागत कटौती और राजस्व में वृद्धि के लिए अनेक पहल की जिसके परिणामस्वरूप प्रचालनात्मक कार्य निष्पादन में सुधार हुआ। इन उपायों में कुछ हानि वाले मार्गों को युक्तिसंगत बनाना; अंतरदेशीय तथा अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर यात्रियों को और अधिक आकर्षित करने के लिए एकदम नए विमानों को लगाना; पुराने विमान बेड़े को फेज़ आउट करना तथा ग्राउंड करना; लीज़ पर लिए गए विमानों को वापस लौटाना; गैर–प्रचालनात्मक क्षेत्रों पर रोजगार में रोक लगाना; ईडी/आईबीओ की विदेश से भारत में तैनाती; कुछ स्थानों पर विदेशी ऑफलाइन कार्यालयों को बंद करना; एमआरओ राजस्व तथा कंपनी की भू–संपदा संपत्ति राजस्व में वृद्धि के लिए कंपनी की परिसंपत्तियों का अधिकतम उपयोग; आईटी आधारभूत संरचना का उन्नयन तथा क्विक विन आईटी संसाधनों का कार्यान्वयन; एकल कोड तथा सैप ईआरपी आधारित समाधानों के लिए पीएसएस (यात्री सेवा प्रणाली) प्रारंभ करना; दिल्ली में एकीकृत प्रचालन नियंत्रण केन्द्र तथा हब नियंत्रण केन्द्र की स्थापना; सहायक कंपनियों जैसे एआईएटीएसएल तथा एआईईएसएल का प्रचालन तथा मानवशक्ति व उपकरणों का स्थानांतरण एवं उन्हें स्वतंत्र लाभ केन्द्र मानना; मध्यम क्षमता वाले लंबी दूरी के मार्गों पर बी–787 विमानों को लगाना; एसबीआई कैप्स द्वारा दिए गए प्रस्ताव के अनुसार व्यापक वित्तीय पुनःसंरचना योजना (एफआरपी) को लागू करना सम्मिलित है।

भारत सरकार ने वर्ष 2021 तक 302310 मिलियन रुपए की इक्विटी जिसमें 67500 मिलियन रुपए का अपफ्रंट इक्विटी इंफ्यूज़न सम्मिलित है; 45520 मिलियन रुपए (वित्तीय वर्ष 2013 से वित्तीय वर्ष 2021) की नकद हानि को पूरा करने के लिए इक्विटी इंफ्यूज़न; 189290 मिलियन रुपए के गारंटिड विमान ऋण वित्तीय वर्ष 2021 के लिए इक्विटी प्रदान करने की अनुमति भी दे दी है।

भारत सरकार ने एफआरपी/टीएपी के तहत 31.03.14 तक 132000 मिलियन रुपए की इक्विटी लगाई है तथा इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान 65000.00 मिलियन रुपए की राशि देने का प्रस्ताव है जिसमें से 30 सितम्बर, 14 तक 46600 मिलियन रुपए पहले ही दिए जा चुके हैं। प्रचालनात्मक पैरामीटरों के संदर्भ में वर्ष 2012–13 की तुलना में वर्ष 2013–14 में कंपनी के निष्पादन में महत्त्वपूर्ण सुधार हुआ जिसके परिणामस्वरूप पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष के दौरान प्रचालनात्मक हानि में कमी आई।

कंपनी 11 जुलाई 2014 से स्टार एलायंस में शामिल हो गई जो एयरलाइन को वैश्विक संपर्क प्रदान करेगी। स्टार एलायंस की सदस्यता एआई को विश्वभर में 193 से अधिक देशों में 1269 गंतव्यों के लिए 18043 उड़ानों के नेटवर्क की सुविधा प्रदान करेगी। अतः एआई को विशाल वैश्विक नेटवर्क पर अद्वितीय पहुंच एवं संपर्क प्राप्त होगा। स्टार एलायंस की सदस्यता से, एलायंस की सदस्य एयरलाइनों के लिए/से क्रॉस फीड के परिणामस्वरूप यात्री राजस्व में 3–5% वृद्धि होने की आशा है तथा यात्रियों को एक एयरलाइन से दूसरी एयरलाइन पर स्थानान्तरित करने के लिए निर्बाध अंतरण अनुभव प्राप्त होगा। स्टार एलायंस की सदस्य एयरलाइनों के साथ एक एफएफपी भागीदारी से यात्रियों को किसी भी सदस्य एयरलाइन पर एफएफपी अर्जित और उन्हें उपयोग करने के साथ–साथ पूरे नेटवर्क पर विभिन्न लाउंज में प्रवेश की सुविधा मिलेगी।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, वित्तीय टर्नअराउंड के साथ प्रचालनात्मक कुशलताओं युक्त टीएपी से एआई के प्रचालनात्मक तथा वित्तीय निष्पादन दोनों में सुधार हुआ है। इसके अतिरिक्त इक्विटी के रूप में भारत सरकार की सहायता, दीर्घकालीन ऋणों को पुनः संरचित कर ऋणदाताओं के सहयोग तथा ऋणदातों की पुनःसंरचना योजना को अनुमोदन देकर नियामकों के सहयोग से एआई "लाभप्रदता की ओर" अग्रसर है। उपर्युक्त उपायों के फलस्वरूप, एआई ने 2012–13 तथा 2013–14 में ईबीआईटीडीए सकारात्मक स्टेटस प्राप्त किया है तथा 2018–19 में नकदी सकारात्मक तथा 2021–22 मे पीएटी सकारात्मक होने की आशा है।

अतः आस्थगित कर परिसंपत्ति की स्वीकृति केवल आस्थगित कर देयता के स्तर तक ही निम्नानुसार की जाती हैः–

¼#i, fefy;u e½

fooj.k	31-03-13 dk 'k"k	MhVh,@MhVh,y LohÑr ¼2013&14½	31-03-14 dk d|y MhVh,
¼d½ vkLFkfxr dj n|;rk			
(i) स्थिर परिसंपत्तियों से संबंधित	61266.9	1838.5	63105.4
(ii) एफसीएमआई लेखों से संबंधित	0.0	1051.2	1051.2
mi&tkM+ ¼d½	61266-9	2889-7	64156-0
¼[k½ vkLFkfxr dj ifjlifUk;k			
(i) असमाहित मूल्यह्रास	53017.2	2889.7	55906.9
(ii) व्यावसायिक हानि	32127.9		32127.9
(iii) आयकर अधिनियम के तहत अन्य अस्वीकृतियां	4547.0		4547.0
mi&tkM+ ¼[k½	89692-1	2889-7	92581-8
vkLFkfxr dj@¼n|;rk½ ¼fuoy½	28425-2	0-0	28425-2

80- ifr 'k;j vk; %

¼#i, fefy;u e½

fooj.k	31 ekp] 2014 d vuqlkj	31 मार्च, 2013 के अनुसार
कर के पश्चात् तथा असाधारण मदों के पूर्व लाभ/(हानि)	¼68929-9½	(65119.4)
घटा : असाधारण मदें	¼6133-9½	(10217.8)
कर तथा असाधारण मदों के पश्चात् लाभ/(हानि)	¼62796-0½	(54901.6)
इक्विटी शेयरों की वेटेड एवरेज संख्या	13181164384	5940687671
bih,l cfld o MkbY;VM		
क) असाधारण मदों से पहले (प्रति शेयर रुपए में)	¼5-20½	(11.00)
ख) असाधारण मदों के पश्चात् (प्रति शेयर रुपए में)	¼4-80½	(9.20)

81- l{e] NkV ,o e>kyk m|e fodkl vfekfu;e

सूक्ष्म, छोटे एवं मझोले उद्यमों से संबंधित आंकड़ों को संकलित किया जा रहा है और एमएसएमई की पहचान के संबंध में एसएपी में मास्टर्स को अद्यतन करने की प्रक्रिया जारी है और इसलिए संक्षिप्त आंकड़ा तत्काल उपलब्ध नहीं है। तथापि, सूक्ष्म, छोटे एवं मझोले विकास अधिनियम के तहत आने वाले ऐसे उपक्रमों को स्वीकृत किए गए स्तर तक का भुगतान सप्लायर की स्वीकृति से निर्धारित समय सीमा/तिथि के भीतर किया गया है और इसलिए विलंबित भुगतानों के लिए कोई ब्याज देय नहीं है। अन्य मामलों में, आवश्यक अनुपालन/प्रकटीकरण नियत अवधि में सुनिश्चित किया जाएगा।

82- कंपनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची VI के भाग II के पैरा 4–डी(क) से (ड.) पैरा (घ) को छोड़कर (जो कंपनी पर लागू नहीं है) के संदर्भ में तुलन पत्र तथा लाभ एवं हानि खाते का भाग निर्मित करने वाली लेखा टिप्पणियों में प्रकटन आवश्यकताओं के अनुपालन में छूट के लिए निगमित कार्य मंत्रालय को एक पत्र लिखा गया है।

83- भारत सरकार द्वारा संबंधित अधिसूचना के अभाव में जिससे कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 441ए के अंतर्गत टर्नओवर पर देय उपकर की अवधि तथा लागू दर विनिर्दिष्ट की जानी है, इसे निर्धारित नहीं किया जा सका, अतः इसका प्रावधान नहीं किया गया है।

84- y[kk ijh{kdk dk ikfjJfed

लेखा–परीक्षा शुल्क और व्ययों का विवरण निम्नानुसार है :

¼#i;s fefy;u e½

fooj.k	2013&14	2012&13
लेखा–परीक्षा शुल्क – वर्ष के लिए	7.5	6.0
आउट ऑफ पाकेट व्यय *	1.3	1.9
dqy	8-8	7-9

*(भुगतान आधार पर लेखाबद्ध)

85- foÙkh; iqu% lajpuk ;kstuk

वित्तीय पुनः संरचना योजना (एफआरपी) जिसे कंपनी ने स्वयं को राहत पहुंचाने की दृष्टि से दिनांक 30 सितम्बर, 2011 को कंपनी के मौजूदा कार्यशील पूंजीगत ऋणों को पुनः व्यवस्थित करने के लिए दिनांक 01 अक्तूबर, 2011 से कार्यान्वित किया है। एफआरपी ने कंपनी को अल्पावधि ऋण (एसटीएल) और दीर्घावधि ऋण (एलटीएल), निधिबद्ध ब्याज आवधिक ऋण (एफआईटीएल) और मूल्यांकित कार्यशील पूंजी पर भारतीय रुपए के ऋणों की दरों में 12–13 प्रतिशत तक की ब्याज दरों को कम करके 11 प्रतिशत की एक समान फ्लोटिंग दर के रूप में राहत प्रदान की है।

नवम्बर–दिसम्बर, 12 में, कंपनी ने 9.08 प्रतिशत की ब्याज दर पर 74000.0 मिलियन रुपए के नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) जारी किए थे। एनसीडी से प्राप्त आय को एफआरपी ऋणदाताओं से लिए गए एसटीएल के पुनर्भुगतान के लिए इस्तेमाल किया गया है। एनसीडी जारी करने से कंपनी द्वारा ब्याज के भुगतान के रूप में राहत मिली है क्योंकि एसटीएल पर 11 प्रतिशत की एक समान फ्लोटिंग दर की ब्याज दर को एनसीडी पर 9.08 प्रतिशत तक कम कर दिया है। भारत सरकार उपर्युक्त एनसीडी पर ब्याज के निधिकरण हेतु इक्विटी पूंजी लाने के लिए भी सहमत हो गई है।

एफआरपी में भाग लेने वाले सभी बैंकों ने दिनांक 31 मार्च, 2014 को शेष राशियों की पुष्टि कर दी है। हालांकि, बैंकों द्वारा पुष्टि किए गए शेषों और एअर इंडिया द्वारा मिलान किए जा रहे शेषों के बीच कुछ अंतर है, जिनका मिलान हो रहा है। इन

अंतरों के एक भाग का मिलान हो गया है और बैंकों ने उसे संशोधित कर दिया है। दिनांक 31 मार्च, 2014 को शेष अंतर के मिलान हेतु बैंकों के साथ बातचीत जारी है।

एफआरपी के अनुसार कुल 12 संपत्तियों में से चेन्नै, हैदराबाद और दिल्ली की 5 संपत्तियों के लिए अचल संपत्तियों के उचित रेहन सृजित किए गए हैं। टीएपी/एफआरपी के अनुसार भारत सरकार वित्त वर्ष 2021 तक 302310 मिलियन रुपए की इक्विटी लाने के लिए सहमत हो गई है जिसमें 67500 मिलियन रुपए की अपफ्रंट इक्विटी, 45520 मिलियन रुपए के नगद घाटे के लिए इक्विटी इन्फ्यूज़न तथा 189290 मिलियन रुपए के गारंटीशुदा विमान ऋणों के पुनर्भुगतान के लिए इक्विटी इन्फ्यूजन सम्मिलित है। सरकार नवम्बर–दिसम्बर, 12 में जारी की गई 74000.0 मिलियन रुपए की एनसीडी पर ब्याज के लिए इक्विटी इन्फ्यूजन करने के लिए भी सहमत हो गई है। एफआरपी के अनुपालन में वित्त वर्ष 2013–14 के दौरान भारत सरकार 60,000 मिलियन रुपए तक की इक्विटी इन्फ्यूजन कर चुकी है। इस प्रकार 31 मार्च, 2014 तक एफआरपी के अंतर्गत कुल 132000 मिलियन रुपए का इक्विटी इन्फ्यूजन किया जा चुका है।

वित्तीय बाधाओं के परिणामस्वरूप, वित्त वर्ष 2013–14 के दौरान सरकार से 85740 मिलियन रुपए की राशि का इन्फ्यूजन करने का अनुरोध किया गया था किन्तु उसने केवल 60,000 मिलियन रुपए का ही इक्विटी इन्फ्यूजन किया है जिसके कारण 25740 मिलियन रुपए की कमी हुई है। भारत सरकार ने वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए 65,000 मिलियन रुपए की इक्विटी देने का वादा किया है। कंपनी ने 2014–15 के बजट में विमानों के गारंटी प्राप्त ऋणों पर मूल राशि की चुकौती पर विनिमय दर परिवर्तन (टीएपी में दी गई विनिमय दर की तुलना में) के प्रभाव को सम्मिलित करने के लिए आवेदन भी किया है। यह प्रभाव 9260.0 मिलियन रुपए है। कंपनी की प्रचालनात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अल्पावधि कार्यशील पूंजीगत ऋण जुटाने के लिए भारत सरकार ने 30000 मिलियन रुपए की गारंटी जारी की है जिसमें से वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान भारत सरकार द्वारा इक्विटी इनफ्यूजन से 10,000 मिलियन रुपए पहले ही चुकाए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त, टीएपी/एफआरपी सिफारिशों के अनुरूप भारत सरकार से इक्विटी मिलने में विलम्ब के कारण कंपनी ने पूंजीगत परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए वित्त मंत्रालय से 2014–15 के अनुपूरक अनुदान। बजट में 6000 मिलियन रुपए देने का अनुरोध किया है।

86- xkbx dUlu

अपने प्रचालनात्मक एवं वित्तीय कार्य निष्पादन में सुधार करने के लिए कंपनी ने एक टीएपी तैयार किया है जो कंपनी के प्रचालनात्मक एवं वित्तीय दोनों प्रकार के टर्न अराउंड के लिए आवश्यक है। टीएपी जिसकी जांच स्वतंत्र रूप से डिलॉइट द्वारा की गई है, पर कंपनी के अनुमानों के आधार पर एक एफआरपी तैयार किया गया है और उसे 01 अक्तूबर, 2011 से लागू किया गया है। इसमें अनुमानित नकदी प्रवाह के अनुसार कंपनी के ऋणों के पुनर्भुगतान का प्रावधान किया गया है। भारत सरकार अपफ्रंट इक्विटी इन्फ्यूजन के रूप में 67500 मिलियन रुपए, नकद घाटे की फंडिंग के लिए इक्विटी के रूप में 45520 मिलियन रुपए (2018 तक) एवं 189290 मिलियन रुपए के गारंटी शुदा विमान ऋणों की इक्विटी (वित्त वर्ष 2020 तक) के रूप में, वित्त वर्ष 2012–2021 तक कुल 302310 मिलियन रुपए के इक्विटी इन्फ्यूजन को भी अनुमोदित कर चुकी है। भारत सरकार नॉन–कन्वर्टीबल डिबेंचर्स (एनसीडी) जारी करने के लिए 74000 मिलियन रुपए की बिना शर्त और अपरिवर्तनीय गारंटी भी जारी कर चुकी है जिसकी आय बैंकों के अल्पकालिक ऋणों के भुगतान के लिए इस्तेमाल की गई है जिससे ब्याज का भार कम होगा। ये एनसीडी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और एम्पलॉई प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइज़ेशन (ईपीएफओ) के द्वारा सब्सक्राइब किए गए हैं। ये एनसीडी 19 वर्ष की परिपक्वता (मैच्योरिटी) के साथ जारी किए गए हैं और 9.08 प्रतिशत की ब्याज दर पर रखे गए हैं। भारत सरकार वर्ष 2015 तक 73 प्रतिशत और 2020 तक 75 प्रतिशत पीएलएफ की उपलब्धि का माइलस्टोन भी स्थापित कर चुकी है, लब्धि और उपयोगिता के मानदंड टीएपी के अनुसार होंगे। भविष्य में विमानों का अर्जन केवल रूट प्लानिंग एवं उपयोगिता पर आधारित होगा और वर्ष 2014–15 के बाद इसकी समीक्षा की जाएगी। एमआरओ और ग्राउंड हैंडलिंग गतिविधियां टीएपी में दिए गए प्रस्ताव के अनुसार एक साथ की गईं हैं। परिसंपत्तियों का मौद्रीकरण किया जाएगा और कार्गो और डाक राजस्व को टीएपी के अनुसार बढ़ाया जाएगा। कंपनी की मानव संसाधन नीति की समग्रता के आधार पर समीक्षा की गई है और संगठन के पदानुक्रम में विभिन्न स्तरों पर स्थिति को ठीक करने के लिए बोर्ड द्वारा एक नया संगठनात्मक ढांचा अनुमोदित किया गया है। प्रचालनात्मक कार्य निष्पादन को सुधारने के लिए एक एकीकृत आईटी सिस्टम पहले ही लगाया जा चुका है। इसमें कंपनी के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रचालनों के एकीकरण के लिए दिल्ली में टी–3 पर एक एकीकृत प्रचालन नियंत्रण केन्द्र (आईओसीसी) तथा हब नियंत्रण केन्द्र (एचसीसी) को स्थापित किया जाना सम्मिलित है। आईओसीसी और एचसीसी रूट नेटवर्क पर सभी उड़ानों का ऑनलाइन और रीयल टाइम ट्रैकिंग सिस्टम उपलब्ध कराएंगे और विमानों के इस्तेमाल को बेहतर बनाएंगे। टीएपी के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने और निर्धारित माइलस्टोन की तुलना में वास्तविक कार्य निष्पादन को समीप से मॉनीटर करने के लिए एक निगरानी (निरीक्षण) समिति भी बनाई गई है। यह निगरानी समिति एआई के प्रचालनात्मक और वित्तीय निष्पादन की समीक्षा करने के लिए अब तक 6 बैठकें आयोजित कर चुकी हैं।

भारत सरकार एफआरपी के लागू होने के समय से 31 मार्च, 2014 तक कंपनी में इक्विटी के माध्यम से 132000 मिलियन रुपए प्रदान कर चुकी है। एअर इंडिया द्वारा 71060 मिलियन रुपए की मांग (विनिमय दर समायोजन के लिए 9260 मिलियन रुपए तथा विलम्बित इक्विटी पर ब्याज के लिए 1650 मिलियन रुपए सहित) के संदर्भ में एअर इंडिया को वित्तीय वर्ष 2014–15 में इक्विटी के रूप में यूनियन बजट में 65000 मिलियन रुपए की राशि दी गई। 6060 मिलियन रुपए की राशि की उपर्युक्त कमी के लिए भी भारत सरकार से संपर्क किया गया है।

भारत सरकार से प्राप्त सहायता और अपनी प्रचालन और वित्तीय स्थिति को सुधारने की दिशा में कंपनी द्वारा किए गए विभिन्न उपायों के कारण भविष्य में कंपनी की वित्तीय स्थिति में निरंतर सुधार होने की उम्मीद है इसलिए गोइंग कन्सर्न के आधार पर लेखे तैयार किए जा रहे हैं।

87- पिछले वर्ष के आंकड़ों को, जहां भी आवश्यक समझा गया वहां, संकलन की व्यवहारिकता और उपलब्ध सूचना के अनुसार कंपनी अधिनियम, 1956 की संशोधित अनूसूची VI के अनुसार अनुकूल बनाने के लिए, री–ग्रुप/री–अरेंज कर दिया गया है।

तुलन पत्र तथा लाभ–हानि खातों के भाग के रूप में संलग्न अनुसूचियों तथा उपर्युक्त टिप्पणियों के लिए हस्ताक्षर।

बोर्ड के लिए एवं की ओर से

हस्ता./–	हस्ता./–	हस्ता./–
jkfgr uUnu	,l-oadV	dYiuk jko
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	निदेशक–वित्त	कंपनी सचिव
कृते एवं की ओर से	कृते एवं की ओर से	कृते एवं की ओर से
vkj-noUn dekj ,M ,lkfl,Vl	dij VMu ,M diuh	ih-d-d-th- ckykl cef.k;e ,M ,lkfl,Vl
चार्टर्ड एकाउंटेन्टस	चार्टर्ड एकाउंटेन्टस	चार्टर्ड एकाउंटेन्टस
हस्ता./–	हस्ता./–	हस्ता./–
Mh-d-xIrk	jkts'k ikjljkedk	lh-lj'k
भागीदार	भागीदार	भागीदार
सदस्यता सं–09032	सदस्यता सं–074192	सदस्यता सं–204602

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 11 दिसम्बर, 2014